


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


सलमान खान के साथ बजरंगी...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 19 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 148 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# देश हर राज्य को साथ लेकर आगे बढ़ रहा

## ओडिशा में कई परियोजनाओं का शिलान्यास कर बोले पीएम मोदी



भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा को कई रेलवे परियोजनाओं का तोहफा गिया है। मोदी ने वर्चुअली पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी और कई रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास कर राष्ट्र को समर्पित किया। इसके साथ ही उन्होंने पुरी–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लोगों को वंदे भारत ट्रेन का उपहार मिल रहा है। वंदे भारत ट्रेन आधुनिक भारत और आकांक्षीय भारतीय दोनों का प्रतीक बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज जब वंदे भारत एक स्थान से दूसरे स्थान से गुजरती है तो उसमें भारत की गति और भारत की प्रगति दिखाई देती है। अब कोलकाता से पूरी जाना हो या पूरी से कोलकाता ये यात्रा केवल साढ़े 6 घंटे की हो गई है। मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने कठिन से कठिन वैश्विक हालातों में भी अपने विकास की गति को बनाए रखा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण है कि इस विकास में हर राज्य की भागीदारी है, देश हर राज्य को साथ लेकर आगे बढ़ रहा। उन्होंने कहा कि ये समय आजादी के अमृतकाल का समय है, भारत की एकता को और मजबूत करने का समय है। जिनती ज्यादा एकता होगी, भारत का सामूहिक सामर्थ्य उतना ही ज्यादा शिखर पर पहुंचेगा। मेदी ने कहा कि श्वंदे भारत ट्रेनेंश इस भावना का भी प्रतिबिंब हैं। इस अमृतकाल में वंदे भारत ट्रेनें विकास का इंजन भी बन रही हैं और श्एक भारत–श्रेष्ठ भारतश की भावना को भी आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज का नया भारत टेक्नोलॉजी भी खुद बना रहा है और नई सुविधाओं को तेजी से देश के कोने–कोने में पहुंचा भी रहा है। ये वंदे भारत ट्रेन, भारत ने अपने बलबूते ही बनाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कोरोना जैसी महामारी की स्वदेशी वैक्सीन तैयार करके भी दुनिया को चौंका दिया था। इन सब प्रयासों में समान बात ये है कि ये सारी सुविधाएं किसी एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं रहीं बल्कि सबके पास तेजी से पहुंचीं। उन्होंने कहा कि हमारी श्वंदे भारत ट्रेनेंश भी अब उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक देश के हर किनारे को स्पर्श करती हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जहां आधारभूत संरचना का विकास होता है, वहां लोगों का विकास भी तेजी से होता है। आधारभूत संरचना से लोगों का सिर्फ जीवन ही आसान नहीं होता बल्कि ये समाज को भी सशक्त करता है।

# एस पी सिंह बघेल को कानून मंत्रालय से हटाकर स्वास्थ्य मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया



नयी दिल्ली। विधि एवं न्याय मंत्रालय से किरेन रीजीजू को हटाए जाने के कुछ घंटे बाद ही इस महत्वपूर्ण मंत्रालय के राज्यमंत्री सत्य पाल (एसपी) सिंह बघेल को स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री का जिम्मा सौंप दिया गया। संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल को विधि एवं न्याय मंत्रालय में स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्यमंत्री बनाए जाने के बाद यह जरूरी हो गया था। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एस पी सिंह बघेल को विधि व न्याय मंत्रालय में राज्यमंत्री के स्थान पर स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री नियुक्त करने का निर्देश दिया है। इससे पहले, रीजीजू की जगह मेघवाल को विधि एवं न्याय मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) का जिम्मा सौंपा गया था। रीजीजू को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई। लोकसभा में उत्तर प्रदेश के आगरा संसदीय क्षेत्र (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित) का प्रतिनिधित्व करने वाले बघेल को जुलाई 2021 में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किया था। इसके बाद उन्हें विधि एवं न्याय मंत्रालय में राज्यमंत्रीकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बघेल को आगरा के तत्कालीन सांसद व दलित नेता रामशंकर कठेरिया का टिकट काटकर मैदान में उतारा गया था। समाजवादी पार्टी से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले बघेल पांचवी बार सांसद हैं। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में उन्होंने एक विवादास्पद बयान दिया था।

# ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से लगा तगड़ा झटका

## पश्चिम बंगाल में द केरला स्टोरी के प्रतिबंध पर लगायी रोक



कोलकाता। फिल्म केरला स्टोरी को पश्चिम बंगाल में प्रतिबंधित करने के मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के राज्य में फिल्म श्द केरला स्टोरीश के प्रदर्शन पर रोक लगाने के 8 मई के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में फिल्म द केरला स्टोरी पर लगे बैन को खारिज कर दिया है। पश्चिम बंगाल में फिल्म द केरला स्टोरी को बैन करने के खिलाफ फिल्म के निर्माता और निर्देशकों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाया खटखटाया था। मामले पर आज कोर्ट में सुनवाई हुई और कोर्ट ने बैन को खत्म करने का फैसला सुनाया हैं। अब पश्चिम बंगाल में फिल्म फिल्म द केरला स्टोरी को रिलीज किया जा सकता हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि फिल्म श्द केरला स्टोरीश मनगढ़ंत तथ्यों पर आधारित है और इसमें नफरत फैलाने वाले भाषण हैं जो सांप्रदायिक भावनाओं को आहत कर सकते हैं और समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा कर सकते हैं जिससे राज्य में व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। शीर्ष अदालत के समक्ष अपना हलफनामा दाखिल करते हुए, ममता बनर्जी सरकार ने कहा कि फिल्म सांप्रदायिक वैमनस्य और कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकती है, जैसा कि विभिन्न खुफिया सूचनाओं से पता चला है। फिल्म पर प्रतिबंध लगाने के अपने फैसले का बचाव करते हुए, पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि फिल्म की स्क्रीनिंग से चरमपंथी समूहों के बीच संघर्ष होने की संभावना है। हलफनामे में कहा गया है, उक्त फिल्म हेरफेर किए गए तथ्यों पर आधारित है और इसमें कई दृश्यों में अभद्र भाषा है जो सांप्रदायिक भावनाओं को आहत कर सकती है और समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा कर सकती है जो अंततः कानून और व्यवस्था की स्थिति को जन्म देगी, जैसा कि विभिन्न खुफिया सूचनाओं से पता चला है। पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि फिल्म के सार्वजनिक प्रदर्शन के कारण शांति भंग होने की संभावना से संबंधित खुफिया इनपुट हैं।

# खरगे और सिद्धारमैया ने स्टालिन को किया फोन, शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए बुलाया



नई दिल्ली। दो शीर्ष दावेदारों सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच पशोपेश की स्थिति में फंसी कांग्रेस ने लंबे विचार और मंथन के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला किया। अनुभवी पार्टी नेता सिद्धारमैया दूसरे कार्यकाल के लिए राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में वापसी करेंगे और राज्य कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार उनके डिप्टी होंगे। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मुख्यमंत्री संकट का सामना करने में शांतिदूत का काम किया। शपथ ग्रहण समारोह शनिवार (20 मई) को होने की संभावना है। 10 मई को 224 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में, कांग्रेस ने 135 सीटों के साथ एक साधारण बहुमत हासिल किया, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) ने क्रमशः 66 और 19 सीटें हासिल कीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कर्नाटक सरकार के गठन के लिए आम सहमति पर पहुंच हए हैं। शपथ ग्रहण समारोह 20 मई को दोपहर 12रू30 बजे बेंगलुरु में होगा। कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज 18 मई को शाम 7 बजे बेंगलुरु में बुलाई गई है। वहीं शपथ ग्रहण की तैयारियां अभी से होने लगी है। मेहमानों की लिस्ट भी तैयार की जाने लगी है। इसी क्रम में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भी इसके लिए आमंत्रण मिला है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कर्नाटक के घोषित सीएम सिद्धारमैया ने एक फोन कॉल में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को 20 मई को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया है।

### लोगों की सेवा करना ही हमारा एक मात्र सूत्र

कर्नाटक के एआईसीसी प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हमारा एकमात्र सूत्र लोगों की सेवा है। जो भी लोगों की सेवा करना चाहता है, वह जितना चाहे कर सकता है। हमारे सभी सहयोगियों को आमंत्रित किया जाएगा (शपथ ग्रहण समारोह में)। यह कोई उत्सव नहीं है, बल्कि कांग्रेस का लोकतंत्र के प्रति समर्पण है...जो लोग लोकतंत्र के लिए लड़ना चाहते हैं और संविधान को बचाना चाहते हैं, वे इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

# सार्क जर्नलिस्ट फोरम के प्रतिनिधिमंडल ने किया आईआईएमसी का दौरा

## प्रो. द्विवेदी बोलेः मिसाल है भारत और नेपाल की दोस्ती



नई दिल्ली। सार्क देशों के पत्रकार संगठन 'सार्क जर्नलिस्ध्ट फोरम' (एसजेएफ) के प्रतिघनिधिमंडल ने गुरुवार को भारतीय जन संचार संस्थान का दौरा किया। आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने प्रतिघनिधियों का स्ध्मृति चिन्ध्ह और संस्थान की प्रकाशन सामग्री देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसजेएफ के अध्यक्ष राजू लामा, आईआईएमसी के डीन (छात्र कल्याण) प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. मीता उज्ध्जैन, डॉ. पवन कौंडल एवं अंकुर विजयवर्गीय भी उपस्थित रहे। आईआईएमसी के महानिदेशक ने प्रतिघनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और नेपाल सभ्यता, संस्कृति और आपसी आदान–प्रदान के माध्यम से प्राचीन काल से जुड़े हुए हैं।

# जातीय जनगणना पर बिहार सरकार को झटका

## सुप्रीम कोर्ट ने पटना एचसी के फैसले पर रोक लगाने से इनकार किया



पटना। बिहार में जातीय जनगणना को लेकर लगातार राजनीति चल रही है। बिहार में जातीय जनगणना की प्रक्रिया जारी थी। लेकिन पटना हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दिया था। पटना हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। लेकिन बिहार सरकार को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से साफ तौर पर इंकार कर दिया। यह बिहार सरकार के लिए बड़ा झटका है क्योंकि बिहार सरकार लगातार राज्य में जातीय जनगणना को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताती रही है। मामला 14 जुलाई के लिए सूचीबद्ध है। इससे पहले के न्यायाधीश संजय करोल ने बिहार सरकार की ओर से दाखिल उस याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, जिसमें राज्य में उसके (बिहार सरकार) द्वारा की जा रही जातीय जनगणना पर रोक लगाने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। पटना उच्च न्यायालय के चार मई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में दायर याचिका में बिहार सरकार ने कहा था कि जातीय जनगणना पर रोक से पूरी कवायद पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। राज्य सरकार ने यह भी कहा था कि जाति आधारित डेटा का संग्रह अनुच्छेद 15 और 16 के तहत एक संवैधानिक जनादेश है। संविधान का अनुच्छेद 15 कहता कि राज्य धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्मस्थान या इनमें से किसी के भी आधार पर किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं करेगा। वहीं, अनुच्छेद 16 कहता है कि राज्य सरकार के अधीन किसी भी कार्यालय में नियोजन या नियुक्ति के संबंध में सभी नागरिकों के लिए समान अवसर उपलब्ध होंगे।

# तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण आदेश से मुंबई हमलों में पाकिस्तान की भूमिका की पुष्टि होगीरू फडणवीस



मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में आरोपी पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अदालत की मंजूरी से भारत के इस रुख की पुष्टि होगी कि हमलों में पाकिस्तान की भूमिका थी। कैलिफोर्निया स्थित एक अमेरिकी अदालत ने राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की अनुमति दी थी। राणा फिलहाल लॉस एंजिलिस की संघीय जेल में बंद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन के निमंत्रण पर अपनी पहली राजकीय यात्रा पर अमेरिका जाने से लगभग एक महीने पहले यह फैसला आया है। छब्बीस नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में भूमिका को लेकर भारत द्वारा प्रत्यर्पण का अनुरोध किये जाने पर राणा को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था। मुंबई आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों सहित कुल 166 लोग मारे गए थे। इन हमलों को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने अंजाम दिया था। ये हमले मुंबई के प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण स्थानों पर 60 घंटे से अधिक समय तक जारी रहे थे। फडणवीस ने पत्रकारों से कहा, ''हर कोई जानता है कि मुंबई के आतंकवादी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। लेकिन राणा के भारत प्रत्यर्पण के साथ ही, यह कानूनी रूप से हमले के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को स्थापित करेगा। उन्होंने कहा, ''इससे हमारे देश को पाकिस्तान को एक आतंकवादी देश के रूप में अधिसूचितध्सूचीबद्ध करने और साथ ही संयुक्त राष्ट्र की कई संधियों के तहत पाकिस्तान के खिलाफ विभिन्न प्रतिबंधों को लागू करने में मदद मिलेगी।'' फडणवीस ने कहा कि मोदी सरकार और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने इन मामलों में पहल की। उन्होंने , ''हम अब इसका नतीजा देख सकते हैं।'' भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण संधि है। अमेरिकी न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि राणा का भारत प्रत्यर्पण पूरी तरह से संधि के अधिकार क्षेत्र में है।






# मंत्रालय में बदलाव किए जाने के बाद आया किरेन रिजिजू का पहला रिएक्शन, जानें क्या कहा



नई दिल्ली। निवर्तमान कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने मंत्रालय में बदलाव के बाद अपना पहला रिएक्शन दिया है। इसके लिए उन्होंने ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों, निचले न्यायपालिका अधिकारियों के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री के रूप में सेवा करना एक विशेषाधिकार और सम्मान रहा है। रिजिजू की टिप्पणी तब आया जब अर्जुन राम मेघवाल को केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री के रूप में कानून मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। किरेन रिजिजू ने आगे कहा कि मैं भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों, निचली न्यायपालिका और पूरे कानून अधिकारियों को न्याय की आसानी सुनिश्चित करने और हमारे नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं प्रदान करने में भारी समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने लिखा कि मैं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को उसी उत्साह और जोश के साथ पूरा करने की आशा करता हूं जो मैंने भाजपा के एक विनम्र कार्यकर्ता के रूप में पूरा किया है।

# सप्ताहिक बाजार में अवैध वसूली चरम पर,जमीन सरकार की अवैध वसूली (संगठन) के कार्यकर्ता की

समर्थ कुमार सक्सेना/
दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के थाना अमीनाबाद में लगने वाली गुरुवार को सप्ताहिक बाजार में सरकार की जमी पर पलंग डालकर दबंगई से कर रहे अवैध वसूली।ज्ञातव्य की नगर निगम द्वारा अमीनाबाद बाजार में पटिया बनाई गई, और सभी दुकानों को पट्टी के अंदर दुकाने लगाने के आदेश दिए गए थे वह चाहे आम दिन हो या सप्ताहिक बाजार सभी दुकानदार अपनी दुकानें पट्टी के अंदर लगाते हैं।सप्ताहिक बाजार समिति संगठन के कार्यकर्ता,संगठन की आड़ में कर रहे अवैध वसूली , अमीनाबाद गाढ़ा भंडार के पास लगभग 200 स्क्वायर फीट में सजी यह साड़ी के दुकानदार दुकान के लागे पट्टी के बाहर लगाए एक पलंग से कई सो रुपए एक दिन के लेते हैं। स्थानीय दुकानदार ने बताया कि तिवारी जी की दबंगई चरम पर है। कुछ दिन पहले एक बुजुर्ग को भी निशातगंज बाजार में पीटा गया था।स्थानीय दुकानदारों ने यह भी बताया कि उनको पुलिस का भी संरक्षण प्राप्त है, शहर का भीड़–भाड़ वाला क्षेत्र अमीनाबाद में थाना प्रभारी से लेकर चौकी प्रभारी तक सतर्क रहते हैं लेकिन क्यों नहीं हटवाया गया पलंग,यही





सूरते हाल अमीनाबाद क्षेत्र की दो चौकियों की भी है चौकियों के बाहर सजी रहती हैं अवैध दुकानें।पट्टी के बाहर लगी दुकाने एवं चौकियों पर अवैध सजी दुकानें देख क्यों नहीं हरकत में आते थाना प्रभारी स्थानीय बाजार लगाने वालों का कहना है कि चौकी प्रभारी एवं संगठन के पदाधि ाकारियों की मिलीभगत से सैकड़ों अवैध दुकानें सजती है , खानापूर्ति के नाम पर ईमानदार दुकानदारों के साथ की जाती है बदसलूकी सप्ताहिक बाजार समिति के अध यक्ष वसीम कुरैशी एवं महामंत्री नदीम कुरैशी ने दबंगों की फौज बना रखी है। संगठन के कार्यकर्ता पदाधिकारी की शह पर बाजार में लगभग 10 पलंग की जगह गिरे हुए हैं और गरीब आदमी पट्टी के बाहर लगाने पर मजबूर है और धक्के खा रहा है।संगठन के कार्यकर्ताओं ने निशातगंज बाजार में एक बुजुर्ग को भी पीटा था, लेकिन अभी तक संगठन के कार्यकर्ताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# शिक्षक संकुल ने सामूहिक रूप से त्याग पत्र दिए

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौलाध्बलरामपुर।गैर शैक्षणिक कार्य से निपुण भारत



मिशन के कार्यों के प्रभावित होते हुए को देखकर विकास खंड उतरौला के समस्त 21 शिक्षक संकुल ने गुरुवार को सामूहिक रूप से त्याग पत्र दिए। खण्ड शिक्षाधिकारी की गैर मौजूदगी में सामूहिक त्यागपत्र उनके कार्यालय सहायक को सौंपा गया। संकुलों ने अपने लिखित पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि वे विगत कई वर्षों से अध यापक पद पर कार्यरत हैं तथा पिछले तीन वर्षो से विभिन्न न्याय पंचायतों में शिक्षक संकुल के पद पर कार्य कर रहे हैं। विभाग द्वारा शिक्षक संकुलों को अपने विद्यालय के साथ–साथ कई अन्य विद्यालयों के विभागीय सूचनाओं का आदान–प्रदान, दीक्षा प्रशिक्षण, डीबीटी व यू–डायस प्लस पोर्टल पर डाटा फीडिंग जैसे कार्यों को बिना विद्यालय छोड़े करवाने का आदेश जारी किया गया है।प्रत्येक माह अपराह्न तीन से पांच बजे तक न्याय पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक व एफ का कार्य भी अनिवार्य किया गया है। उपरोक्त कार्यों में शिक्षकों का व्यक्तिगत समय, पैसा व मोबाइल डाटा खर्च होता है साथ ही शिक्षकों के विद्यालय में शिक्षण कार्य भी बुरी तरह प्रभावित होता है। इन कार्यों के लिए शिक्षकों को विभाग द्वारा दो वर्षों से किसी भी प्रकार का कोई मानदेय नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा संकुल क्षेत्र के विद्यालयों द्वारा अपने कार्यों को समय से न करने पर शिक्षक संकुल की जवाबदेही तय कर दी जाती है, जो कि किसी भी प्रकार से उचित नहीं हैं। इन हालात में कार्य करना सम्भव नहीं है।अतिरिक्त कार्यों के साथ निपुण भारत मिशन के कार्यों को बेहतर ढंग से कर पाना संभव नहीं है। कार्यों के न होने से उन्हें जो चेतावनी दी जाती है उससे वे अपमानित महसूस कर रहे हैं व सामूहिक रूप से त्यागपत्र देने को बाध्य हैं। त्यागपत्र देने वाले शिक्षक संकुल में संकुल शिक्षक मोहम्मद असलम, शबी अहमद खां, अभिषेक गुप्त, राघवेन्द्र कुमार, अबुल आसिम, कुमारी एकता, जीत कुमार, सिंह, कमल मोहन वर्मा, रतन दीप कुमार, अरविंद कुमार यादव, रुचि भदौरिया, विशाल कुमार, संदीप शर्मा, यशपाल सिंह, दिनेश कुमार गौतम, गोपाल शर्मा, नूरुद्दीन अहमद खान, शमा खानम, मोहम्मद जमाल अहमद, राकेश कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

# टीकाकरण में गिरावट पर डीएम ने जताई नाराजगी

## बलरामपुर में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, चिकित्सा अधिकारी से जवाब तलब

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर में



डीएम डॉ. महेंद्र कुमार की अध यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई।

इसमें नए उपकेंद्र के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता, पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान, नियमित टीकाकरण, एसएनसीयू, परिवार नियोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आशा भुगतान, आयुष्मान भारत, क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम आदि योजनाओं की समीक्षा डीएम द्वारा की गई।डीएम महेंद्र कुमार ने कहा की जिन उपकेंद्र पर भूमि विवाद है, एसडीएम से मिलकर रिजॉल्व कराएं। नियमित टीकाकरण में गिरावट पर नाराजगी जताई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गैसडीं एवं गैंडास बुजुर्ग का स्पष्टीकरण तलब किया। नियमित टीकाकरण में खराब परफॉर्मेंस वाली आशा एवं एएनएम के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। आयुष्मान भारत योजना में शतप्रतिशत पात्रों का गोल्डन कार्ड बनाए जाने में प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया।

### निःशुल्क इलाज का मिले लाभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

उन्होंने कहा की ऐसे लाभार्थी जिनके गोल्डन कार्ड बने है उनको निशुल्क इलाज का लाभ दिया जाए। क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में टीबी मरीजों को मिलने वाले आर्थिक सहायता में काम प्रगति पर जिला क्षय रोग अधिकारी को फटकार लगाई, शतप्रतिशत क्षय रोगियों के आर्थिक सहायता दिए जाने का निर्देश दिया। वीएचएसएनडी सत्र में गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए सभी आवश्यक किट उपलब्ध हो इसके लिए एएनएम एवं आशा को किट बैग उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, सीएमओ डॉ. सुशील कुमार, अपर सीएमओ डॉ बीपी सिंह, जिला प्रतिरक्षा अधिकारी, सीएमएस महिला चिकित्सालय, संयुक्त जिला चिकित्सालय, जिला मेमोरियल चिकित्सालय, डीपीआरओ, बीएसए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त एमओआईसी, समस्त बीडीओ और अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बलरामपुर में नव–निर्वाचित पालिका अध्यक्ष को किया गया स्वागत

## विधायक ने आरओ प्लांट का किया लोकार्पण, बोले- इससे लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा






दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर नगर के बाबू हरिकांत स्मारक बाल भारती इंटर कॉलेज के प्रांगण मे विध ाायक निधि से शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट लगाया गया। जिसका उद्घाटन सदर विधायक पलटू राम ने किया। साथ ही नव निर्वाचित नगर पालिकाध्यक्ष डा. ध ाीरेन्द्र प्रताप सिंह के अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पलटू राम, विशिष्ट अतिथि डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। कालेज प्रबंधक डा. देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कालेज उच्च स्तरीय शिक्षा,सुयोग्य शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा अनुशासित ढंग से छात्र छात्राओं को प्रदान की जा रही। कालेज स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। निर्धन छात्रों को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।

विशेष रूप से इंटरमीडिएट की परीक्षा मे 75:से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 5 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा छात्र सुधांशु पंकज को चेक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि पलटू राम एवं विशिष्ट अतिथि डा0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह का सम्मान एवं अभिनन्दन कालेज अध्यक्ष डा0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिंह, डा0देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, संजय शर्मा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, तीरथ दास तोलानी, डा0 राजीव रंजन,डा0 अजय श्रीवास्तव, रघुनाथ अग्रवाल, रमेश चन्द्र त्रिपाठी,अनीता चौहान, वंदना सिंह, डा0 एम पी तिवारी,डा0 आशीष सिंह,प्रो0 नागेंद्र सिंह,पारितोष सिन्हा एवं बड़ी संख्या मे उपस्थित लोगो ने किया।

### शुद्ध पेयजल से बच्चों का बचाव होगा

दैनिक बुद्ध का संदेश

धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह सम्मान मुझे नगर पालिकाध्यक्ष के रूप मे अपनी जिम्मेदारियों की सदैव याद दिलायेगा ।मुख्य अतिथि पलटू राम ने कहा कि आरओ प्लान्ट के शुद्ध पेयजल से बच्चों का विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव होगा। समारोह में डा0 विमल चन्द्र त्रिपाठी, प्रीतपाल सिंह,अनिल श्रीवास्तव,बृजेंद्र तिवारी,आदित्य प्रसाद श्रीवास्तव, संचित राम, सौरभ श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित हुए।

# विद्युत कटौती से उपभोक्ता परेशान

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला/बलरामपुर। तपन और उमस भरी गर्मी में होने वाली विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं के साथ छोटे छोटे बच्चे भी परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 18घंटे बिजली की आपूर्ति संबधित शासन का फरमान उतरौला क्षेत्र में नाकाम सिद्ध हो रहा है।मनमानी कटौती का यह आलम है कि आपूर्ति 6से 8घंटे सिमट कर रह गई है कोई निर्धारित रोस्टर नही है कि बिजली कब आयेगी और कब जाएगी। ऐसा हाल तब है जब लोग उमस भरी गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है।अधिकांश क्षेत्रों में विद्युत उपकेंद्र उतरौला से क्रमशरू अलग अलग फीडरों के जरिए विद्युत आपूर्ति की जाती है यहां से चमरूपुर फीडर,महुवा फीडर,श्रीदत्तगंज फीडर का संचालन होता है।अवर अभियंता,उप खंड अधि ाकारी से लेकर अधिशाषी अभियंता तक के कार्यालय हैं जहां कर्मचारियों की फौज मौजूद रहती है जिससे क्षेत्र में बेहतर बिजली आपूर्ति की उम्मीदें की जाती हैं, लेकिन वर्तमान समय में बिजली चोरी आदि को लेकर आम उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसने में सक्रिय दिखाई देने वाला बिजली महकमा कम से कम शासन की मंशानुरूप क्षेत्र में बेहतर बिजली आपूर्ति कर पाने में फिसड्डी साबित हो रहा है।बिजली कटौती का रवैया सांय 6से 8बजे भी अपनाया जाता है रात में कुछ घंटे बिजली टिकने की उम्मीद तो की जाती है लेकिन लगातार कटौती के चलते 2से 4घंटे भी बिजली मिल पाना मुश्किल हो जाता है।

## सूचना

**मैं मनीष कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राजेंद्र प्रसाद निवासी थाना व पोस्ट दुधी ,जिला–सोनभद्र ,उत्तर प्रदेश का निवासी हूं मैं यह शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र कबीर उम्र 21 वर्ष कुछ असामाजिक व अपराधिक प्रवृति के लोगों के साथ रहकर बिगड़ गया है इस कारण मैं उसे अपने संयुक्त परिवार से पूर्णतः पृथक कर रहा हूं मेरे पुत्र कबीर से अब मेरा कोई संबंध नहीं रहा जाता मेरे सभी चल–अचल संपत्ति से उसे बेदखल किया जाता है मेरे किसी भी चल–अचल संपत्ति के किसी भी हिस्से को मेरे पुत्र कबीर को नहीं दिया जाएगा। भविष्य में कबीर से लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा उनसे कोई मतलब नहीं होगा।**

**मनीष कुमार गुप्ता**
**पुत्र स्व0 राजेंद्र प्रसाद**
**निवासी थाना व पोस्ट दुधी**
**,जिला–सोनभद्र ,उत्तर प्रदेश**

## सडक हादसे मे एक की मौत, तीन घायल

कुशीनगर । जनपद के कसया नगर के देवरिया मार्ग पर दीवानी कचहरी के समीप गुरुवार को ट्रैक्टर–ट्राली को ओवरटेक करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें कसया सीएचसी भेजवाया, जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। तीन युवकों को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कसया थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव के निवासी 25 वर्षीय शिवम चतुर्वेदी पुत्र अभय चतुर्वेदी, 19 वर्षीय सुमित सिंह पुत्र परशुराम सिंह और अनिरुधवा निवासी 24 वर्षीय नीतीश कुमार राय पुत्र अश्वनी व 22 वर्षीय राहुल शर्मा पुत्र रविंद्र शर्मा एक ही बाइक पर सवार होकर कसया से रामाभार स्तूप की ओर जा रहे थे। दीवानी कचहरी के समीप ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय किसी वाहन से ठोकर लग गई। इस दुर्घटना में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हाइवे चौकी की पुलिस ने आस पास के लोगो के सहयोग से सभी घायलों को कसया सीएचसी भेजवाया, जहां डॉक्टर ने शिवम चतुर्वेदी को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज सन्नी जावला ने बताया कि शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# बच्चों को पोषाहार उत्पादन के लिए, प्लान्ट जून माह में शुरू,काम होगा आसान

## उतरौला तहसील क्षेत्र के ग्राम देवरिया मैनहा में करोड़ों रुपए की लागत से प्लान्ट लग रही है।

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला/बलरामपुर। दो विकास खण्डों के मिलने वाले पोषाहार के उत्पादन के लिए देवरिया मैनहा में महिलाओं के सहयोग से लग रहे करोड़ों रुपए का प्लान्ट में उत्पादन जून माह में शुरू हो जाएगा । इस प्लान्ट के लगने से आंगनवाड़ी केन्द्र पर दूर दराज से आने वाले पोषाहार की आपूर्ति बंद हो जाएगी वहीं दूसरी तरफ महिलाओं के स्वरोजगार से महिलाएं स्वालम्बी हो सकेगी। सरकार ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन से संचालित विकास खण्ड श्रीदत्तगंज व उतरौला क्षेत्र के बच्चों को पोषाहार उत्पादन के लिए विकास खण्ड उतरौला के ग्राम देवरिया मैनहा में करोड़ों रुपए की लागत से प्लान्ट लगा रही है। इस प्लान्ट को बनाने के लिए तीन सौ स्वयं सहायता समूह



से तीस तीस हजार रुपए एकत्र करके नब्बे लाख रुपए से निर्माण कराया जा रहा है। श्रो होम राशन डिलीवरी की इस योजना से पोषाहार की पंजीरी दलिया व अन्य सामग्री का उत्पादन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया जाएगा। इसके उत्पादन के लिए गेहूं की आपूर्ति एफसीआई के द्वारा दो रुपए किलो की दर से किया जाएगा। इस प्लान्ट में 75 लाख के लागत की मशीनरी लगाई गई है व लगभग 25 लाख रुपए की लागत से भवन का निर्माण कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन के जनपदीय प्रभारी अखिलेश कुमार मौर्य ने बताया कि इस प्लान्ट के आगामी जून माह में चालू हो जाने से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार मिलेगा वहीं स्थानीय स्तर पर उत्पादन शुरू हो जाने से दूर दराज से आने वाला पुष्टाहार की आपूर्ति बंद हो जाएगी और इस प्लान्ट से सीधे बाल विकास परियोजना के आंगनवाड़ी केन्द्र पर पोषाहार पहुंच जाएगी। इससे सरकार को प्रतिमाह करोड़ों रुपए खर्च की बचत होगी।

# ट्रैफिक नियमों का एसआई उड़ा रहे धज्जियां, पुलिस अधीक्षक के फरमान का नही परवाह





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद जहां ट्रैफिक को लेकर लगातार शक्ति अपनाए हुए हैं वहीं उनके ही विभाग के एएसआई ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगे हैं मामला जोगिया उदयपुर का है जहां आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती है एक तरफ से माना जाए तो ककरही से लेकर जोगिया डेंजर जोन में परिवर्तित हो चुका है लेकिन आम जनता को नसीहत देने के बदले वहां की पुलिस खुद नियमों की धज्जियां उड़ा के लोगों को उत्साहित करते नजर आ रहे हैं एएसआई मुस्तकीम जहां बिना हेलमेट के नजर आए तो वही एक लोगों को भी साथ लेकर बिना हेलमेट के चलते नजर आए कहीं यह एक दिन की बात नहीं है लगातार है जोगिया पुलिस बिना हेलमेट और बिना सुरक्षा के अक्सर निकले रहते है वहीं आम जनता की मानें तो रोड पर खड़ी गाड़ियों का भी चालान यह लोग जबरदस्ती कर देते हैं लेकिन जब अपने पर आती है तो नियमों की धौस दिखाते हैं आखिर इनके ऊपर नियमों के तहत कार्यवाही कब होगी पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से मांग जनता कर रही है इस विषय में जब सांसद प्रतिनिधि रवि जयसवाल से पूछा गया तो रवि जायसवाल ने कहा कि जोगिया थाने के कुछ पुलिस वाले लगातार लोगों को परेशान कर रहे हैं जिसकी शिकायत सांसद से भी की गई है दुकान के सामने खड़ी गाड़ियों का भी यह लोग चालान कर देते हैं लेकिन खुद बिना हेलमेट घूमते नजर आते हैं यह गलत है ईमानदार छवि के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद जहां ट्रैफिक को लेकर जागरूकता अभियान छेड़े हैं वहीं उनके ही पुलिस के लोग नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं यह गलत है पुलिस अधीक्षक को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# राकसंप ने स्वर्गीय बीएनसिंह 24 वीं पुण्यतिथि मनाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर। स्वर्गीय बीएन





सिंह कर्मचारी के मसीहा थे। उक्त विचार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल ने कही वह गुरुवार को विकास भवन सभागार में स्वर्गीय बीएन सिंह की 24वी पुण्य तिथि आयोजित की गई। उपस्थित जनपद के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल की अध्यक्षता एवं जिलामंत्री राजेश कुमार मिश्र के संचालन में हुए कार्यक्रम को कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम करन गुप्ता,जिलामंत्री कैलाश मणि त्रिपाठी, सुरेश कुमार पाण्डेय, कलीमुज्जफर, इंद्रजीत यादव, विजय कुमार मिश्र, सदानंद यादव, नागेंद्र राव,अवधेश यादव, दयानंद मणि त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया।सैकड़ों कर्मचारियों ने स्वर्गीय बीएन सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल तथा जिला मंत्री राजेश कुमार मिश्र द्वारा सभी सेवानिवृत्त तथा वरिष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तथा जिला अस्पताल में मरीजों में फल वितरित किया गया।

# कर्मचारी शिक्षक के अस्तित्व की लड़ाई है पुरानी पेंशनःरामकरन गुप्त





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर। पुरानी पेंशन का कोई विकल्प नही यह कर्मचारियों शिक्षकों के अस्तित्व का जुड़ा मामला है।उक्त विचार कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता ने कही वह गुरुवार को जिलाअस्पताल स्थिति गाँधी प्रतिमा के सामने एक दिवसीय धरना,प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि जब कर्मचारी शिक्षक अपनी सेवानिवृत्त के बाद असहाय अवस्था मे होगा तो सरकार से मिलने वाली सहायता पेंशन से भी उसे वंचित कर सरकार कर्मचारियों के मूलभूत अधिकारों से वंचितों कर रही है। संयोजक शिवाकांत पाण्डेय ने कहा कि जब कर्मचारियों को सरकार से सहायता की आवश्यकता है पेंषन के रुप मे तब सरकार अपने कर्मचारियों को पेंशन से वंचित करके कर्मचारी हित की निर्मम हत्या कर रही है।प्रमुखता मांगो में पुरानी पेंशन वहाली समेत राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन किये जाने,सरकारी संस्थानों में निजी करण बन्द किये जाने,आउटसोर्सिंग, संविदा,वर्कचार्ज केन्द्र व राज्य द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्यरत कर्मियों का विनियमितीकरण नीति बनाये जाने, रिक्त पदों को भरने जाने समेत 12 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना कर मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार सदर रामऋषि रमन को मौके पर ज्ञापन सौपा गया।जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता की अध्यक्षता एवं संयोजक शिवाकांत पाण्डेय के संचालन में हुए घरने को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वाई0द्विवेदी,ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल,जिलाध्यक्ष अटेवा बृजेश द्विवेदी,डीपीए अध्यक्ष डॉ0 वाई0पी0यादव,मन्त्री डा0गोविन्द ओझा,रोडवेज कर्मचारी अध्यक्ष दिनेश चन्द्र मिश्रा,सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश यादव,जिलामंत्री शम्भू प्रसाद,चंद्रभान पहलवान,कैलाश मणि त्रिपाठी,विजय प्रताप चौबे, प्रेमचन्द शुक्ला, अमित त्रिपाठी, स्नेहा यादव, उर्मिला गौतम,पूजा यादव, रुपाली यादव,डॉ0केपी यादव,रंजनेश दूबे, डॉ0ज्ञानेन्द्र कुमार, मुरार चन्द्र, जितेन्द्र त्रिपाठी,पंकज पासवान,विजय पासवान, विजय मिश्रा, शोभनाथ गुप्ता,जीतेन्द्र यादव,अशोक मिश्रा, पंकज शुक्ला,नागेश पाण्डेय, घनश्याम गुप्ता,नवी मोहम्मद,रतन शंकर चौधरी आदि ने संबोधित किया।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र पाण्डेय को शिक्षिका उत्पीड़न में समन जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र पाण्डेय को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रद्धा भारतीय ने शिक्षिका के साथ मारपीट करने एवं धमकी देने के मामले में प्रथम दृष्टया अपराध कारित किये जाने की पुष्टि होने पर विचारण हेतु तलब करके समन जारी किया है। घटना कोतवाली सिद्धार्थनगर क्षेत्र स्थित बीएसए दफ्तर की है जो 2 मई 2022 को सायं करीब 5 बजे घटी थी। परिवाद पत्र के अनुसार विकास खण्ड बाँसी के प्राथमिक विद्यालय तेजगढ़ पर तैनात शिक्षिका सुषमा देवी बच्चों की कुछ समस्यायों को लेकर जिलाधिकारी से मिलने गयी थी, जिसकी भनक लगने पर बीएसए देवेंद्र पाण्डेय आग बबूला होकर उसे निलंबित करने जा रहे थे। सूचना मिलने पर वह शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला के साथ बीएसए दफ्तर पहुँची जहाँ शिक्षिका के अनुसार बीएसए ने उसे देखते ही जलील करते हुए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहीं मुँह न दिखाने लायक छोड़ते हुए बर्खास्त करने की बात कहते हुए कक्ष से बाहर निकलने को कहे थे।वहाँ मौजूद लोग भी सकते में आ गए। बीएसए के उक्त कृत्य की शिकायत जिलाधिकारी एवं अन्य उच्च अधिकारियों से करने के बाद भी उसपर कोई कार्यवाही नहीं हुई। न्यायालय ने घटना के बावत पीड़िता का बयान दर्ज करने के उपरांत साक्षियों चक्षुदर्शी साक्षियों निकिता शंखधार व अभय कुमार सिंह की भी गवाही लिया और परिवादिनी के बयान व गवाहों की गवाही के आधार पर बीएसए देवेंद्र पाण्डेय को परिवादिनी सुषमा देवी के साथ मारपीट करते हुए धमकी देने के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए अपराध के विचारण के लिए न्यायालय में तलब करते हुए समन जारी किया है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये कर्मचारियों के पुरोधा वी.एन. सिंह

बस्ती। गुरूवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य, पूर्व एम.एल.सी. वी. एन. सिंह को उनके 24 वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। परिषद के जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कर्मचारी संघ भवन में वीएन सिंह कर्मचारियों के पुरोधा थे, यदि आज वे जीवित होते तो कर्मचारी पुरानी पेंशन हासिल कर चुके होते। वे आखिरी सांस तक कर्मचारी हितों के लिये संघर्ष करते रहे। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक राम अधार पाल और मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि कर्मचारियों को वीएन सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिये कि उन्होने घोर संकटों का सामना करते हुये भी सरकारों को मांगो को मनवाने के लिये बाध्य कर दिया। बताया कि आगामी 21 मई को पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग को लेकर नलकूप कालोनी से सायं 6 बजे मशाल जुलूस निकाला जायेगा जो जिलाधिकारी कार्यालय तक पद यात्रा के रूप में पहुंचेगा। कोषागार कर्मचारी संघ अध्यक्ष अखिलेश पाठक, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष अशोक सिंह, सिंचाई संघ अध्यक्ष सुभाष मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी संघ के मण्डल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्य, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मण्डल मंत्री ई. राजेश श्रीवास्तव, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, पेंशनर्स संघ अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरेशी, वन विभाग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामनेवास भारती आदि ने वी. एन. सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये कहा कि यदि आज वे जीवित होते तो पुरानी पेंशन के साथ ही उत्पीड़न के अनेक मामलो का समाधान हो गया होता। वे आखिरी सांस तक कर्मचारी हितों के लिये संघर्ष करते रहे। उनके पद चिन्हों का अनुसरण करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कर्मचारी संघ भवन में वी.एन. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से सेवा निवृत्त कर्मचारी एसोसिएशन के संयोजक परमात्मा प्रसाद, ट्यूबेल टेक्निकल एसोसिएशन के मंत्री संतोष राव, जगन्नाथ मौर्य, संजय यादव, शिव प्रताप सिंह, उमेश वर्मा, मो. कलीम, अवधेश कुमार, जानकी राव, रूद्रनरायन रूदल, संजीव कुमार, सुरेश गौड़, सन्तोष पाण्डेय राकेश मिश्रा, शिवमंगल पाण्डेय, अविनाश दूबे, अश्विनी सिंह, अर्जुन कुमार, रविन्द्र सिंह, गौतम यादव, अशोक पाण्डेय, बलराम गुप्ता, राजेश कुमार के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया गया।

# सभी शिक्षक नामांकन पर ध्यान दें : बी.ई.ओ.उसका बाजार

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर।



ब्लॉक संसाधन केंद्र उसका बाजार पर मई माह का मासिक समीक्षा बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी उसका बाजार महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुआ,जिसमें उसका बाजार के परिषदीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक तथा कम्पोजिट विद्यालय के समस्त प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने प्रतिभाग किया। बी.ई.ओ. ने प्रधानाध्यापकों से कहा कि अवशेष छात्र–छात्राओं का आधार शीघ्रता से बनवाएं, डीबीटी पोर्टल पर आधार नाट वेरीफाइड का कार्य अपनी देखरेख में तत्काल पूर्ण करते हुए पोर्टल पर पेंडिंग कॉलम को शून्य करें,अनसीडेड खातों को सीडेड करें,सस्पेक्टेड डाटा का परीक्षण करते हुए सही डाटा को वेरीफाई करें तथा गलत डाटा को डिलीट करने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी को अग्रेषित करें। सभी शिक्षक नामांकन पर ध्यान दें तथा परिवार सर्वेक्षण का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लें।बैठक में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (हिन्दी) गुलाम जिलानी ने विद्यालय निपुण बनाने के लिए सभी को 10 प्वाइंट टूलकिट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया । जिसमें बताया कि सभी शैक्षिक स्टाफ प्रधानाध्यापक,सहायक अध्यापक,शिक्षामित्र व अनुदेशक टीम भावना से एक दूसरे का सहयोग करते हुए कार्य करें,शिक्षकों के बीच कक्षा विभाजन व कार्य आवंटन अवश्य किया गया हो,समुदाय से सहयोग प्राप्त किया जाए,शिक्षक अभिभावक तथा विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक नियमित हो,आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिकानुसार पढ़ाई हो,सभी शिक्षक दीक्षा पर प्रशिक्षण अवश्य पूर्ण करें,दीक्षा पर क्यूआर कोड स्कैन कर शिक्षण में सीखने सिखाने की प्रक्रिया को और बेहतर करें,निपुण लक्ष्य ऐप पर छात्रों का असेसमेंट करते हुए ग्रुप का निर्माण करें और लक्षित दक्षता प्राप्त न करने वाले छात्र छात्राओं को उपचारात्मक शिक्षा दें साथ ही ग्रीष्मावकाश के दौरान ह्वाट्स ऐप के माध्यम से बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे, विद्यालय को अवांछित तत्वों से बचाने के लिए एसएमसी अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सदस्यों व जागरूक अभिभावकों से सहायता लें,विभागीय दिशानिर्देशानुसार कार्यों को पूर्ण करें तथा जरूरी सूचनाओं को अपने डायरी या मोबाइल में अवश्य रख लें,सूचनाओं का आदान–प्रदान शीघ्रता से करें। एआरपी सुभाषचन्द्र ने सपोर्टिव सुपरविजन के दौरान काठिन्य विन्दुओं पर चर्चा किया। बैठक में रामसेवक प्रसाद गुप्ता, अजीजुर्रहमान, राघवेंद्र कुमार तिवारी,अरविंद,बालजीत कुमार, शिवाकांत दूबे,गुलाब चंद,जरीना बेगम शाह,दीपिका,मनीषा, किरन यादव,अनीता,सावित्री पाण्डेय,दीपिका,रंजना वर्मा,सीमा श्रीवास्तव,शिवपाल सिंह,राकेश सिंह,संजय आनन्द,श्री चन्द,राम लौटन,वृहस्पति पाण्डेय,सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# मशरूम की खेती के लिए प्रशिक्षण का रोस्टर जारी

बस्ती। जिला उद्यान केन्द्र के विशेषज्ञों की ओर से कृषकों को मशरूम उत्पादन एवं मशरूम के विशिष्ट गुणों के सम्बन्ध में तकनीकी जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए 23 से 25 मई, छह से 8 जून, 11 से 13 सितम्बर, 10 से 12 अक्टूबर, 16 से 18 नवम्बर तथा 12 से 14 दिसम्बर 2023 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रति प्रशिक्षणार्थी 50 रुपए पंजीकरण शुल्क प्राप्त कर प्रशिक्षण दिलाने का प्राविधान है। इच्छुक व्यक्ति ध कृषक किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्यान के मशरूम अनुभाग से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मशरूम स्पान (बीज) शासकीय दर पर इच्छुक व्यक्ति व कृषकों को उपलब्ध भी कराया जाएगा।

## मत्स्य विभाग की योजनाए कल से होंगी प्रभावी

बस्ती। डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया है कि मत्स्य विभाग की ओर से 20 मई से समस्त विभागीय योजनाओं के आवेदन मिलेंगे। उन्होंने बताया कि पीएम मत्स्य सम्पदा योजना के तहत नये तालाबों का निमार्ण प्रथम वर्ष निवेश सहित, (मीठे जल), वायोफलाक तालाब निर्माण निवेश सहित, वृहद आरएएस, लघु आरएएस, बैकयार्ड आरएएस, मोटर साईकिल विद आइस बाक्स, साईकिल विद् आसइ बाक्स, थ्री व्हीलर विद आइस बाक्स, कियोस्क, जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र, इत्यादि के लिये आनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। इसी प्रकार मछुआ कल्याण कोष, निषादराज नाव अनुदान योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य) योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु प्रात्र व्यक्तियों को विभागीय पोर्टल पर आन लाइन आवेदन कर योजना की विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

# सांसद की गिरफ्तारी की मांग को लेकर माकपा ने दिया धरना

बस्ती। महिला पहलवानों के आंदोलन के समर्थन में आगे आए सामाजिक,राजनीतिक संगठन ने कलक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को धरना–प्रदर्शन किया। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सामाजिक संगठनों से जुड़े व मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी से जुड़े लोगों ने नारेबाजी की। सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के लोग माकपा सचिव कामरेड केके त्रिपाठी के नेतृत्व में धरना दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा आज जुमला बनकर रह गया है। राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने वाली देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित पहलवान बेटियां न्याय की मांग को लेकर 27 दिन से दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठी हैं लेकिन देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री मौन साधे हैं। धरना–प्रदर्शन में पार्टी से जुडें पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सम्पादकीय

**दरअसल, आसियान देशों के साथ इस समुद्री यु)ाभ्यास का मकसद उन टकरावों को टालना था, जिनके अचानक समुद्र में घटने की आशंका रहती है। इसके जरिये आपसी भरोसे को बढ़ाने तथा दुर्घटनाओं की आशंकाओं को कम करना भी था। ऐसा चीन द्वारा लगातार विवादों को हवा देने के चलते अपरिहार्य हो गया था। भारत की...**

## चीन की नापाक हरकतें

यह चीन की परेशानी का ही नतीजा है कि भारतीय नौसेना के आसियान देशों के साथ दक्षिण चीन सागर में हुए युद्धाभ्यास की वह बड़े पैमाने पर निगरानी करता रहा। उल्लेखनीय है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिये गत सात व आठ मई को दक्षिण चीन सागर में भारत ने आसियान देशों की नौसेनाओं के साथ युद्ध अभ्यास किया। जिसमें भारतीय नौसेना के अलावा आसियान देश फिलीपींस, इंडोनेशिया, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, ब्रुनेई और वियतनाम की नौसेनाएं शामिल हुई थीं। बताया जाता है कि चीन न केवल फाइटर जेट व खुफिया वॉरशिप से जासूसी कर रहा था बल्कि चीनी समुद्री मिलिशिया जहाज भी युद्धाभ्यास की जगह से करीब पचास किलोमीटर की दूरी पर देखे गये। दुनिया को भरमाने के लिये यूं तो चीन ने मिलिशिया जहाजों को व्यापारिक जहाजों के रूप में पंजीकृत कर रखा है, लेकिन असल में ये पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की नेवी विंग के इशारे पर समुद्र में अपनी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। उल्लेखनीय है कि जिस तरह चीन दक्षिण एशिया में छोटे देशों के साथ मिलकर भारत की घेराबंदी करता रहा है, उसी की तर्ज पर भारत भी आसियान देशों के साथ मिलकर रणनीतिक साझेदारी को मूर्त रूप दे रहा है। जिससे परेशान होकर चीन युद्धाभ्यास की निगरानी कर रहा था। हालांकि, चीनी युद्धपोत अभ्यास स्थल के ज्यादा करीब नहीं आये, जिसके चलते किसी टकराव की आशंका टल गई। खबरों के मुताबिक, चीनी युद्धक जहाज व एयरक्राफ्ट दक्षिण चीन सागर में मौजूद थे। दरअसल, हाल के दिनों में हिंद प्रशांत व चीन सागर में चीन की आक्रामक गतिविधियां तेज हुई हैं। इतना ही नहीं, तमाम आसियान देशों से समुद्री सीमा को लेकर उसका विवाद चल रहा है। यहां तक कि फिलीपींस चीन के खिलाफ समुद्री सीमा विवाद के मामले में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय गया और अपनी संप्रभुता को लेकर मुकदमा जीता भी । इसके अलावा वियतनाम आदि कई पड़ोसी देशों से चीन का सीमा विवाद बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि वियतनाम के विशिष्ट आर्थिक जोन में इस ड्रिल को अंजाम दिया गया। हालांकि, चीन के किसी हस्तक्षेप को टालने के लिये चीनी जहाजों पर सतर्कतापूर्वक नजर रखी जा रही थी। इससे पूर्व भारत के गाइडेड मिसाइल विध्वंसक लैस आईएनएस दिल्ली और स्टील्थ फिगेट आईएनएस सतपुड़ा ने भी अभ्यास में भागीदारी सिंगापुर के नौसेनिक अड्डे पर की थी। बहरहाल, भारत ने कूटनीतिक बढ़त लेने के इरादे से उन देशों से करीबी संबंध बनाये हैं, जिनके चीन के साथ रिश्ते। खराब चल रहे हैं। इतना ही नहीं, कई देशों के साथ युद्ध से जुड़े अभ्यास कार्यक्रम भी चलाये गये हैं। जिसका मकसद युद्धक विमानों तथा पनडुब्बियों का कुशल संचालन करना है। यहां तक कि भारत कई आसियान देशों को हथियार भी बेचने लगा है। पिछले दिनों फिलीपींस के साथ भारत ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों से जुड़े सिस्टम का सौदा किया था। फिलीपींस के साथ यह सौदा 375 मिलियन डॉलर का बताया जाता है। ऐसा ही सौदा वियतनाम व इंडोनेशिया के साथ भी होने की उम्मीद है। भारत ने चीन के साथ सीमा विवाद के चलते सुरक्षात्मक रणनीति के तहत आसियान देशों के साथ करीबी रिश्ते स्थापित किये हैं। दरअसल, आसियान देशों के साथ इस समुद्री युद्धाभ्यास का मकसद उन टकरावों को टालना था, जिनके अचानक समुद्र में घटने की आशंका रहती है। इसके जरिये आपसी भरोसे को बढ़ाने तथा दुर्घटनाओं की आशंकाओं को कम करना भी था। ऐसा चीन द्वारा लगातार विवादों को हवा देने के चलते अपरिहार्य हो गया था। भारत की सीमाओं का अतिक्रमण करने की कोशिशों में लगे चीन को अहसास कराना भी जरूरी था कि हम भी उसके खिलाफ दूसरे मोर्चे तैयार कर सकते हैं ।

## शिव के भी अनन्य साधक थे महानायक तुलसीदास



जगतगुरु शंकराचार्य के बाद संस्कृत भाषा की आदि परंपरा में गोस्वामी तुलसीदास जी भगवान शिव की भी आराधना करते हैं। भगवान भोलेनाथ की नगरी काशी में निवास करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी शिव तत्व को जानते हैं। गोस्वामी जी यह भी जानते हैं कि बिना शिव की कृपा के प्रत्येक व्यक्ति शव के समान है। शिव आनंद हैं। वे परम तत्व हैं। समाज के सभी धर्म, जाति और वर्ग में वे पूजित हैं। आज भी गांव गांव में भगवान शिव के मंदिर श्रद्धा और विश्वास की प्रतिमूर्ति हैं। मध्यकालीन सामाजिक चेतना में शिवत्व और रामत्व में अभेद की चेतना का संचार करने वाले गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि भवानी शंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरुपिनौ। याभ्यां विना न पश्यंति सिद्धाः स्वान्तः स्थमीश्वरम।। अर्थात श्रद्धा और विश्वास के स्वरूप माता पार्वती जी और श्री शंकर जी की मैं वंदना करता हूं, जिनके बिना सिद्धजन अपने अंतः करण में स्थित ईश्वर को नहीं देख सकते। आप देखिए तो पाएंगे कि संत जन को गोस्वामी जी का कितना बड़ा और गहरा संदेश है। वे माता पार्वती और भगवान शिव को श्रद्धा और विश्वास की प्रतिमूर्ति मानते हैं। गोस्वामी जी पुनः लिखते हैं कि वन्दे बोधमयं नित्यं गुरुं शंकर रुपिणम। यमाश्रितो हि वक्रोपि चंद्रह सर्वत्र वंद्यते।। अर्थात ज्ञानमय, नित्य, शंकर रूपी गुरु की मैं वंदना करता हूं, जिनके आश्रित होने से ही टेढ़ा चंद्रमा भी सर्वत्र वंदित होता है। आप फिर देखिए तो यह महसूस करेंगे कि गोस्वामी तुलसीदास जी कितने बड़े शिव भक्त हैं। गोस्वामी जी की एक बहुत बड़ी विशेषता यह है कि वे जितने बड़े भगवान श्री राम चंद्र जी के भक्त हैं , उससे बड़े शिव जी के भक्त और भगवान श्री कृष्ण के भी उतने ही बड़े भक्त हैं। भारतीय धार्मिक जागरण के अग्रदूत गोस्वामी तुलसीदास जी की भक्ति पूर्व से लेकर पश्चिम को और उत्तर से लेकर दक्षिण को एकता की भावना में पिरोती है। औपनिवेशिक मानसिकता से अभिशप्त जो विचारक भारतीय एकता का सूत्रपात अंग्रेज इतिहासकारों में देखते हैं उन्हें गोस्वामी तुलसीदास जी जैसे महानायक का एक बार पुनः गहन अध्ययन करना चाहिए। उन्हें इस बात को भली भांति समझना चाहिए कि सामाजिक सांस्कृतिक एकता के सबसे बड़े अगुआ गोस्वामी तुलसीदास जी थे जिन्होंने भगवान शिव, भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण की भक्ति के बहाने मध्यकालीन सनातन धर्म के अनुयायियों को आपस में एकीकृत करने का महान कार्य किया। भक्ति के बहाने सामाजिक दूरी को पाटने में महानायक तुलसीदास सबसे अग्रिम पंक्ति में अपनी सूझ बूझ और समझ के बल पर खड़े हुए हैं। सनातनी परंपरा के महान तपस्वी के सुझाए मार्ग पर चलकर हम भगवान शिव और प्रभु श्रीराम की भक्ति को प्राप्त कर सकते हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

## तुर्की: अर्दोआन हारे नहीं, मुकाबला जारी!

**चुनाव का पहला राउंड ड्रा होने के बाद सबकी निगाहें अब 26 मई पर हैं। पहले राउंड से यह तो साफ हो गया है कि देश दो हिस्सों में बंटा हुआ है। जनता का एक बड़ा तबका अब भी अर्दोआन के साथ है। इन लोगों को लगता है कि अर्दोआन की हार तुर्की की हार होगी क्योंकि इससे देश की आतंरिक स्थिति और खराब हो सकती है। पहले राउंड के परिणामों के देख कर ऐसा नहीं लगता कि उनकी विदाई के बेला...**

श्रुति व्यास

रविवार को तुर्की में नया राष्ट्रपति और नयी संसद चुनने के लिए वोट डाले गए। कयास थे कि ये चुनाव राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन के दो दशक लम्बे कार्यकाल का खत्म कर देंगे। लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। सरकारी न्यूज एजेंसी अनाडोलू के अनुसार, सोमवार सुबह तक 96 प्रतिशत बैलट बॉक्स खोले जा चुके थे। अर्दोआन को 49.4 प्रतिशत वोट मिले थे और विपक्ष के नेता कमाल किलिकडारोग्लू को 44.8 प्रतिशत। दोनों पक्षों ने जीत का दावा किया है। अर्दोआन ने अपनी पार्टी के मुख्यालय की बालकनी से अपने समर्थकों को संबोधित किया। वे ताजादम और खुश नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा, चुनाव नतीजों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है परन्तु यह साफ है कि हम ही इस देश के लोगों की पसंद हैं। जो नतीजे सामने आए हैं वे चौंकाने वाले हैं। मतदान के पहले और उसके बाद हुए सर्वेक्षणों का नतीजा यही था कि कमाल किलिकडारोग्लू की कमाल की जीत होने वाली है। अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार और पश्चिमी मीडिया भी अर्दोआन के तानाशाहीपूर्ण शासन के अंत को अवश्यंभावी बता रहे थे। ऐसी उम्मीद थी कि दुनिया को अर्दोआन और उनकी निरंकुश राजनीति से मुक्ति मिलने वाली है। द इकोनॉमिस्ट का कहना था कि अगर तुर्की की जनता अपनी मनमर्जी चलाने वाले इस नेता को सत्ता से बाहर कर देती है तो यह पूरी दुनिया के प्रजातंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर होगी। सचमुच, दुनिया को इस चुनाव से बहुत आशाएं थीं। अब हम चुनाव नतीजों पर लौटें। पहले राउंड में कोई उम्मीदवार बहुमत हासिल नहीं कर पाया है, यद्यपि दोनों का दावा है कि वे जीत के करीब हैं। और जैसा कि वोटों की गिनती के समय अक्सर होता है, विशेषकर यदि दो उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर हो, दोनों एक दूसरे पर गलत बयानी करने और जनता को भ्रमित करने का आरोप लगा रहे हैं। दोनों ओर से व्यंग्यबाण चलाये रहे हैं और ताने कसे जा रहे हैं। अर्दोआन ने ट्विटर पर विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह श्देश की मजर्धय को कुचलने की कोशिश कर रहा है। अपने वफादारों का आह्वान किया कि चाहे जो हो जाए परिणामों को अंतिम रूप दिए जाने तक आप पोलिंग स्टेशन न छोडें।विपक्ष ने सरकारी न्यूज एजेंसी अनाडोलू द्वारा जारी किये चुनाव परिणामों के शुरूआती आंकड़ों को भ्रामक बताया और कहा कि उन्होंने पोलिंग स्टेशनों से सीधे जो आंकड़े इकत्रद्वा किये हैं उनके अनुसार किलिकडारोग्लू आगे हैं। अर्दोआन ने अपनी पार्टी के मुख्यालय की बालकनी से अपने प्रफुल्लित समर्थकों को संबोधित करते हुए किलिकडारोग्लू पर तंज भी कसा दृ कोई रसोईघर में हैं और हम बालकनी में। दरअसल, किलिकडारोग्लू सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए अपने वीडियो अपने घर के एकदम साधारण–से रसोईघर में बनाते हैं। किलिकडारोग्लू ने जवाबी हमले में कहा, सारे झूठों और सारे होहल्ले के बाद भी अर्दोआन को वह नहीं मिला जो वह चाहते थे। चुनाव बालकनी से नहीं जीते जाते। संसद और राष्ट्रपति के ये चुनाव, दरअसल, अर्दोआन के दो दशक लम्बे शासन पर जनमत संग्रह बन गए थे। विपक्ष के सभी धड़े एक हो गए थे क्योंकि उनका मकसद एक ही था दृ एक ऐसे नेता को गद्दी से उतारना जो अपने हिसाब से तुर्की को बदल रहा था, जो अपने आगे किसी को कुछ समझता ही नहीं था। चूँकि इतवार को हुए मतदान में कोई भी उम्मीदवार 50 प्रतिशत या उससे ज्यादा वोट हासिल नहीं कर सका है इसलिए विजेता चुनने के लिए 28 मई को मतदान का दूसरा राउंड होगा, जिसे रनऑफ कहते हैं। इसमें पहले राउंड में सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाले दो उम्मीदवार ही मैदान में होंगे। पहले राउंड में एक तीसरे उम्मीदवार, अतिवादी राष्ट्रवादी सिनान ओगन भी मैदान में थे। उन्हें करीब पांच प्रतिशत वोट मिलने की उम्मीद है और इससे अर्दोआन या किलिकडारोग्लू को 50 प्रतिशत या अधिक वोट मिलने की सम्भावना कम हो गयी है। इसका मतलब यह भी है कि अर्दोआन और किलिकडारोग्लू को एक दूसरे पर निशाना साधने के लिए दो हफ्ते और मिल गए हैं और इस दौरान चुनाव प्रचार के और भौंडा और भद्दा हो जाने का डर है। इसमें कोई संदेह नहीं कि तुर्की के लोगों और बाकी दुनिया के लिए भी ये चुनाव महत्वपूर्ण हैं। अर्दोआन के नेतृत्व में पिछले बीस सालों में तुर्की का चेहरा–मोहरा पूरी तरह बदल गया है। यह भी उम्मीद और अपेक्षा है कि सत्ता परिवर्तन के बाद तुर्की की विदेश नीति में भी बड़ा बदलाव आएगा। अर्दोआन के राज में तुर्की की जनता भी घुटन महसूस कर रही थी। लोगों को ऐसा लग रहा था कि उन्हें दबाया जा रहा है। अदालतें, बैंक, मीडिया सहित राज्य की सभी एजेंसियां और अंग अर्दोआन की मुत्र्द्धी में थे। अगर उन्हें पांच साल और मिल गए तो उनका रवैया और तानाशाहीपूर्ण हो जायेगा। कुछ समय पहले तुर्की में आये भयावह भूकंप, जिसमें 50,000 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गँवाई, के बाद राहत और बचाव कार्यों में लेतलाली के चलते भी बदलाव की इच्छा मजबूत हुई। अगर चुनाव में विपक्ष की जीत होती है तो यह आशा की जा सकती है कि देश का शासन अधिक प्रजातान्त्रिक बनेगा और आर्थिक स्थिरता आएगी। चुनाव का पहला राउंड ड्रा होने के बाद सबकी निगाहें अब 26 मई पर हैं। पहले राउंड से यह तो साफ हो गया है कि देश दो हिस्सों में बंटा हुआ है। जनता का एक बड़ा तबका अब भी अर्दोआन के साथ है। इन लोगों को लगता है कि अर्दोआन की हार तुर्की की हार होगी क्योंकि इससे देश की आतंरिक स्थिति और खराब हो सकती है। पहले राउंड के परिणामों के देख कर ऐसा नहीं लगता कि उनकी विदाई के बेला आ गयी है। उलटे ऐसा लगता है कि वे न केवल वापस आयेंगे बल्कि पहले से और मजबूत एवं और बेरहम होकर लौटेंगे। सारी दुनिया के प्रजातंत्रों को सतर्क हो जाना चाहिए।

**रणनीति यही है कि धरने को लंबा खींच मोदी सरकार के विरु ) माहौल बनाया जाए। यह स्पष्ट हो चुका है कि धरने पर बैठे पहलवानों के लिए बगल में एक पंचतारा होटल में कमरा बुक कराया गया है जहां वे आराम करते हैं। कमरे की बुकिंग कराने वाली कंपनी का नाम है, स्काई होलीडे। तर्क यह है कि महिला पहलवानों के लिए धरना स्थल पर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं है इस ...**

## पहलवानों का धरना रु यह दंगल अभी चलेगा

अवधेश कुमार

जंतर–मंतर पर पहलवानों का धरना ध ीरे–धीरे उस अवस्था में पहुंच गया जहां से इसका अंत होना इस समय कठिन लग रहा है। किसान संगठन और खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपना जो तेवर दिखाया है उससे साफ है कि धरने को लंबा खींचने की रणनीति बना दी गई है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले की आगे सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि महिला पहलवानों को कोई शिकायत है तो संबंधित मजिस्ट्रेट के न्यायालय या उच्च न्यायालय में जाएं।

कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष ब्रिज भूषण शरण सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है, नाबालिग शिकायतकर्ता को भी पर्याप्त सुरक्षा मिल गई है। अन्य शिकायतकर्ताओं को खतरे का भी आकलन किया गया। कोई खतरा नहीं होने के बावजूद उन्हें भी सुरक्षा दी गई। सभी शिकायतकर्ता महिला पहलवानों को एक–एक पुलिसकर्मी की सुरक्षा दी गई है। नाबालिग शिकायतकर्ता को सिक्योरिटी यूनिट से सुरक्षा कराई गई है। इस सिक्योरिटी यूनिट के पुलिसकर्मियों को एक निजी वाहन दिया गया है जो उसके साथ अपने वाहन से चलते हैं। सीआरपीसी यानी अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत बयान भी दर्ज किए गए हैं और आगे किए जा रहे हैं। बावजूद यदि पहलवान पुलिस जांच रिपोर्ट आने तक धरना खत्म करने और जांच प्रक्रिया पर नजर रखते हुए न्यायालय के फैसले की प्रतीक्षा करने को तैयार नहीं तो सोचना पड़ेगा कि ऐसा क्यों हो रहा है? मांग कर रहे हैं कि जब तक भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी नहीं होगी धरना जारी रहेगा।

वास्तव में पूर्व धरना के बाद समिति गठित होने और सरकार से बातचीत होने पर धरना समाप्त किया गया था। उसके बाद ऐसा लगा था कि दोबारा धरना नहीं होगा। बृजभूषण शरण सिंह कह रहे हैं कि वह फांसी पर चढने का तो तैयार हैं, लेकिन अपराधी बनकर त्यागपत्र नहीं देंगे। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष ने नाबालिग–बालिग लडिध्कयों का यौन शोषण किया है तो इस देश में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होगा जो उनका समर्थन करेगा। उन्हें इसकी सजा मिलनी ही चाहिए। किंतु आरोप लगाने से किसी को अपराधी नहीं मान सकते। न्यायालय को भी प्रमाण चाहिए। जहां तक गिरफ्तारी की बात है तो सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि 7 वर्ष तक की सजा वाले अपराध में पुलिस चाहे तो गिरफ्तार करे या गिरफ्तार न करे। दिल्ली पुलिस ने बालिग और नाबालिग सात पहलवानों की शिकायत के आधार पर दो अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज की है। उन पर आईपीसी यानी भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354 ए, 354 डी लगाई गई है। ये धाराएं शारीरिक छेड़छाड़, अश्लील इशारे करने, स्टॉकिंग और कॉमन इंटेंशन से संबंधित हैं। दूसरी, पोक्सो कानून के अंतर्गत का मामला है। इन शिकायतों के आधार पर किसी को अनिवार्य रूप से गिरफ्तार करने का प्रावधान नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी नहीं कहा कि इन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वैसे भी छेडखानी और यौन शोषण के आरोपों में 2012 से लेकर 2022 तक की बातें हैं।


कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर देश के अलग–अलग राज्यों के साथ विदेशों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान छेडखानी और यौन शोषण का आरोप है। जांच में एक एसीपी सहित सात महिला पुलिस अध िकारियों को लगाया गया है। उसकी जांच में तो समय लगेगा। वैसे भी गिरफ्तारी करने के पीछे मुख्य उद्देश्य होता है कि आरोपी भाग न जाए या सबूतों को नष्ट नहीं करे।

शिकायतकर्ता इतने कमजोर नहीं हैं कि बृजभूषण धमकी देकर उनके बयान बदलवा लें। उन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया करा दी गई है। बृज भूषण सिंह सांसद हैं इसलिए उनके भागने का भी कोई प्रश्न नहीं है। कायदे से प्राथमिकी दर्ज हो गई हो तो पुलिस को जांच करने देना चाहिए। यह मामला ऐसा नहीं है जिस पर तुरंत जांच कर पुलिस निष्कर्ष निकाल ले। पुलिस जांच में कोताही करेगी तो फिर सर्वोच्च न्यायालय जाने का दरवाजा खुला हुआ है। यह संभव नहीं कि पुलिस की भूमिका संदिग्ध ा हो और न्यायालय याचिका का निपटारा कर दे। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का बयान है कि पहलवानों से बात कर समिति का गठन किया गया। यह सच है कि समिति के सामने सभी को पेश होने का अवसर दिया गया। समिति में महिलाओं की संख्या ज्यादा रखी गई। इनकी मांगों के अनुरूप भारतीय कुश्ती संघ में निष्पक्ष चुनाव के लिए भारतीय ओलंपिक संघ आईओए को अधिकार दिया गया, जिसने अपनी समिति भी गठित कर दी। यही समिति वहां पर चयन प्रक्रिया, टूर्नामेंट आयोजन और आंतरिक शिकायत समिति का गठन करेगी।

पहलवान कह रहे हैं कि उन्हें किसी समिति के सदस्य पर विश्वास नहीं है, बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी होनी चाहिए। किसी की गिरफ्तारी कानून की धाराओं के तहत ही हो सकती है। आज का परिदृश्य देखते हुए यह बेहिचक कहा जा सकता है कि अब धरना पहलवानों के नियंत्रण से बाहर जा चुका है।

देश का वह समूह जो किसी–न–किसी बहाने नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा, संघ आदि को बदनाम करने, कमजोर करने या जनता को उनके विरुद्ध उद्वेलित करने के लिए प्रयासरत हैं वो सारे इसका उपयोग कर रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे इसको शाहीन बाग या कृषि कानून विरोधी आंदोलन का प्रतिरूप बनाने की रणनीति पर काम किया जा चुका है। कल तक बड़े संस्थानों में काम करने वाले पत्रकारों का समूह अपने यूट्यूब चौनल का माइक और कैमरा लेकर जंतर–मंतर पर पहले से जम गए थे। अब तो किसान संगठनों और खाप पंचायतों के लोग आकर ऐलान ही कर चुके हैं कि उनका ध ारना खत्म करने का कोई इरादा नहीं।

खाप पंचायतों की प्राचीन परंपरा है। कोई सरकार उनको नाराज करने का जोखिम नहीं उठा सकती। निश्चित रूप से यह सब एक विशेष रणनीति के तहत हुआ है। रणनीति यही है कि धरने को लंबा खींच मोदी सरकार के विरु द्ध माहौल बनाया जाए। यह स्पष्ट हो चुका है कि धरने पर बैठे पहलवानों के लिए बगल में एक पंचतारा होटल में कमरा बुक कराया गया है जहां वे आराम करते हैं। कमरे की बुकिंग कराने वाली कंपनी का नाम है, स्काई होलीडे। तर्क यह है कि महिला पहलवानों के लिए धरना स्थल पर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध ा नहीं है इस कारण कमरे लिए गए। पहली नजर में यह बात सही लग सकती है। वैसे भी यह उनका अधिकार है जैसे चाहें रहें। किंतु जब आप आंदोलन करने आते हैं तो लोग जानना चाहेंगे कि उनका खर्च कौन उठा रहा है।

# आईपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स की जीत से हुआ बड़ा उलटफेर, धोनी भी हुए परेशान

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पंजाब किंग्स को 17 मई को खेले गए मुकाबले में मात दे दी है। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स सबसे पहले इस टूरनामेंट में प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली टीम थी। वहीं बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया जिसने पूरे पॉइंट्स टेबल का रुख बदल कर रख दिया है। इस मैच में हार का सामने करने के बाद पंजाब किंग्स का सफर भी लीग में लगभग खत्म हो चुका है।

माना जा रहा है कि अब पंजाब की टीम भी टूर्नामेंट में वापसी नहीं कर पाएगी। पंजाब की टीम को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए ना सिर्फ अपने अंतिम मुकाबले में जोरदार जीत दर्ज करनी होगी बल्कि टीम को अन्य टीमों के प्रदर्शन पर भी



निर्भर रहना होगा। बता दें कि दिल्ली की जीत के बाद चेन्नई सुपर किंग्स की टीम टेंशन में होगी क्योंकि इस जीत ने कई बदलाव खड़े कर दिए है।

### चेन्नई के लिए मश्किल बढ़ी

चेन्नई सुपर किंग्स का अगला और प्लेऑफ की दौड़ में पहुंचने के लिए अंतिम मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उसी के होम ग्राउंड में होना है। चेन्नई को प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए इस मुकाबले में जीत हासिल करनी होगी। मगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम के फॉर्म में लौटने के बाद अब चेन्नई सुपर किंग्स को इस मैच में जीत हासिल करने के लिए मशक्कत करनी पड़ सकती है। वहीं प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए धोनी ब्रिगेड को ये मैच जीतना होगा। अगर किसी कारणवश चेन्नई सुपर किंग्स ये मुकाबला हारती है तो उन्हें अन्य टीमों के मैचों पर निर्भर रहना पड़ सकता है। ऐसे में दिल्ली के फॉर्म में लौटने से टेंशन की स्थिति जरुर बनी है। गौरतलब है कि दिल्ली की टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शानदार फॉर्म में लौट चुके हैं। यही कारण है कि चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए काफी समस्या झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में चेन्नई के लिए जरुरी है कि दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को जल्दी पवेलियन लौटाए।

### दिल्ली के खिलाड़ी फॉर्म में

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों ने पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी की और 2 विकेट खोकर 214 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स की टीम के लिए पृथवी शॉ, डेविड वॉर्नर और राइली रूसो ने धमाकेदार बल्लेबाजी की। इन सभी खिलाड़ियों ने लीग के अंतिम दौर में पहुंचने के बाद शानदार खेल दिखाया है। हालांकि लीग के दौरान ये खिलाड़ी खराब फॉर्म से जूझते दिखे थे। बता दें कि इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच एक मुकाबला खेला गया है जिसमें 27 रनों से मात देकर चेन्नई सुपर किंग्स ने जीत हासिल की थी। ऐसे में महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम दोबारा यही करिश्मा करना चाहेगी जबकि दिल्ली बदला लेने के लिए ये मुकाबला जीतना चाहेगी।

# रियाल मैड्रिड को करारी शिकस्त देकर मैनचेस्टर सिटी चौंपियंस लीग के फाइनल में

मैनचेस्टर। बर्नार्डो सिल्वा के



दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रियाल मैड्रिड को 4–0 से करारी शिकस्त देकर चौंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल का पहला चरण 1–1 से बराबरी पर छूटा था और ऐसे में दूसरा चरण निर्णायक बन गया था जिसमें शुरू से लेकर आखिर तक मैनचेस्टर सिटी का दबदबा रहा। रियाल मैड्रिड ने बेहद खराब खेल दिखाया और अगर गोलकीपर थिबॉट कौरटोइस ने कुछ अच्छे बचाव नहीं किए होते तो 14 बार का चौंपियन इससे भी बड़े अंतर से हार सकता था।

सिटी की तरफ से सिल्वा ने अपने दोनों गोल पहले हाफ में किए जबकि एडर मिलिटाओ ने दूसरे हाफ के शुरू में आत्मघाती गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने इंजरी टाइम में चौथा गोल करके सिटी को सेमीफाइनल में ओवरऑल 5–1 से जीत दिलाई। इस जीत से सिटी तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं इंग्लिश प्रीमियर लीग, चौंपियंस लीग और एफए कप के खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है। चौंपियंस लीग के फाइनल में उसका सामना 10 जून को इस्तांबुल में इंटर मिलान से होगा। मैनचेस्टर सिटी रविवार को अगर चेल्सी के खिलाफ जीत दर्ज कर लेता है तो वह लगातार तीसरी बार प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लेगा। वह पहले ही एफए कप के फाइनल में जगह बना चुका है जहां उसका सामना मैनचेस्टर यूनाइटेड से होगा। यूनाइटेड इंग्लैंड की एकमात्र टीम है जिसने एक सत्र में तीनों प्रमुख खिताब जीते थे। उसने यह कारनामा 1999 में किया था।

# अमेरिकी अदालत ने मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की अनुमति दी

न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा से एक महीने पहले एक संघीय अदालत ने वाशिंगटन के माध्यम से नयी दिल्ली के अनुरोध पर पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के लिए सहमति जताई। भारत सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में शामिल होने के आरोपी राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रही थी। 26ध्11 के मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाने की भारत की लड़ाई में एक बड़ी जीत के तहत कैलिफोर्निया की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की अमेरिकी मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जैकलीन चूलजियान ने बुधवार को 48 पन्नों का आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत प्रत्यर्पित करना चाहिए। आदेश में कहा गया है, ''अदालत ने इस अनुरोध ा के समर्थन और विरोध में प्रस्तुत सभी दस्तावेजों की समीक्षा की है और उन पर विचार किया है और सुनवाई में प्रस्तुत दलीलों पर विचार किया है। इस तरह की समीक्षा और विचार के आध ार पर और यहां चर्चा किए गए कारणों के आध ार पर, अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है और अमेरिका के विदेश मंत्री को प्रत्यर्पण की कार्रवाई के लिए अधिकृत करती है।'' अदालत का यह आदेश मोदी की पहली राजकीय यात्रा के लिए अमेरिका आने से ठीक एक महीने पहले आया है। राष्ट्रपति जो बाइडन एवं प्रथम महिला जिल बाइडन मोदी के स्वागत में 22 जून को एक राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे।





आदेश में कहा गया है कि अदालत राणा के प्रत्यर्पण को तब तक प्रमाणित नहीं कर सकती थी जब तक कि यह मानने का संभावित कारण न हो कि उसने उस अपराध को अंजाम दिया है जिसके लिए प्रत्यर्पण का अनुरोध किया जा रहा है। आदेश में कहा गया है, ''इसलिए अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि राणा ने उन अपराधों को अंजाम दिया है जिनके लिए उसके प्रत्यर्पण की मांग की गई है तथा अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए।'' दस जून, 2020 को, भारत ने प्रत्यर्पण की दृष्टि से 62 वर्षीय राणा की अस्थायी गिरफ्तारी की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। बाइडन प्रशासन ने राणा के भारत प्रत्यर्पण का समर्थन किया था और उसे मंजूरी दी थी। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने एक सवाल के जवाब में 'पीटीआई–भाषा' से कहा कि इस मामले में विशेष जानकारी के लिए हम आपको न्याय विभाग के पास भेजते हैं। छब्बीस नवंबर 2008 को मुंबई में हुए भीषण आतंकी हमलों में भूमिका को लेकर भारत द्वारा प्रत्यर्पण का अनुरोध किए जाने पर राणा को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कहा है कि वह राजनयिक माध्यमों से उसे भारत लाने की कार्यवाही शुरू करने को तैयार है। पाकिस्तान आध ारित लश्कर –ए–तैयबा के आतंकवादियों द्वारा किए गए 26ध्11 हमलों में राणा की भूमिका की जांच एनआईए द्वारा की जा रही है। अदालती सुनवाई के दौरान, अमेरिकी सरकार के वकीलों ने तर्क दिया कि राणा को पता था कि उसका बचपन का दोस्त पाकिस्तानी–अमेरिकी डेविड कोलमैन हेडली लश्कर–ए–तैयबा में शामिल है और इस तरह हेडली की सहायता करके एवं उसकी गतिविधियों के लिए उसे बचाव प्रदान कर उसने आतंकवादी संगठन और इसके सहयोगियों की मदद की।

दूसरी ओर, राणा के वकील ने प्रत्यर्पण का विरोध किया। मुंबई आतंकी हमलों में छह अमेरिकियों सहित कुल 166 लोग मारे गए थे। इन हमलों को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने अंजाम दिया था। ये हमले मुंबई के प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण स्थानों पर 60 घंटे से अधिक समय तक जारी रहे थे। इन हमलों में अजमल कसाब नाम का आतंकवादी जीवित पकड़ा गया था जिसे 21 नवंबर 2012 को भारत में फांसी की सजा दी गई थी। शेष आतंकवादियों को हमलों के दौरान भारतीय सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया था। भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण संधि है। न्यायाध ीश ने फैसला सुनाया कि राणा का भारत प्रत्यर्पण पूरी तरह से संधि के अधिकार क्षेत्र में है।

# श्रीलंका के क्रिकेटर गुणतिलका को मिली राहत, यौन उत्पीड़न के चार में से तीन आरोप वापस लिए गए

सिडनी। श्रीलंका के क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका पर लगाए



गए यौन उत्पीड़न के चार में से तीन आरोपों को गुरुवार को वापस ले लिया गया। गुणतिलका पर पिछले साल एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया था। गुणतिलका पर चार बार बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए गए थे जिसके बाद सिडनी पुलिस ने इस 32 वर्षीय खिलाड़ी को नवंबर में टी20 विश्व कप के दौरान टीम के होटल से गिरफ्तार किया था। सरकारी वकील ने हालांकि सिडनी की एक अदालत में तीन आरोप वापस ले लिए। पुलिस के अनुसार श्रीलंका का यह बल्लेबाज और 29 वर्षीय महिला एक 'डेटिंग ऐप' के जरिए एक दूसरे के संपर्क में आए थे। एक दूसरे से मिलने के बाद वह दोनों महिला के सिडनी स्थित आवास पर पहुंचे जहां गुणतिलका ने कथित तौर पर महिला का गला दबाया और उनके साथ बलात्कार किया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार,'' सरकारी वकील ह्यूग बडिन ने अदालत को बताया कि एक आरोप प्रमाणित हुआ है जबकि बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के तीन आरोपों को वापस ले लिया गया है।'' गुणतिलका पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान श्रीलंका की टीम के सदस्य थे। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ पहला मैच खेला था लेकिन इसके बाद चोटिल होने के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। गुणतिलका ने श्रीलंका की तरफ से आठ टेस्ट, 45 एक दिवसीय और 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

## अमेजन वेब सर्विसेज 2030 तक भारत में 12.7 अरब डॉलर निवेश करेगी, लाखों नौकरियां होंगी पैदा

मुंबई। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) भारत में क्लाउड



संबंधित बुनियादी ढांचा में 2030 तक 1,05,600 करोड़ रुपये (12.7 अरब डॉलर) निवेश करेगी। कंपनी क्लाउड सेवाओं में ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये यह निवेश कर रही है। अमेजन की क्लाउड कम्प्यूटिंग इकाई ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि डेटा सेंटर बुनियादी ढांचा में निवेश से भारतीय कारोबार में सालाना औसतन 1,31,700 पूर्णकालिक नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है। बयान के अनुसार जो नौकरियां सृजित होंगी, उसमें निर्माण, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और अन्य रोजगार शामिल हैं। एडब्ल्यूएस ने बयान में कहा कि उसकी भारत में क्लाउड संबंधि ात बुनियादी ढांचे में 1,05,600 करोड़ रुपये निवेश की योजना है। इसके साथ 2030 तक भारत में कुल निवेश 1,36,500 (16.4 अरब डॉलर) पहुंच जाने का अनुमान है। कंपनी 2016 से 2022 के दौरान 3.7 अरब डॉलर (30,900 करोड़ रुपये) निवेश कर चुकी है।

# सीबीआई के बाद अब ईडी के सामने पेश हुई राबड़ी देवी, नौकरी के बदले जमीन मामले का है मामला

राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू यादव अपनी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से इससे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूछताछ की थी। अब ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के तहत उनका बयान दर्ज कर रही है। नौकरी के बदले जमीन का मामला यादव के परिवार को 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहने के दौरान उपहार में दी गई या बेची गई जमीन के बदले में रेलवे में की गई कथित नियुक्तियों से जुड़ा है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मार्च में राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से नौकरियों के लिए जमीन मामले में पूछताछ की थी। सीबीआई ने अक्टूबर 2022 में, लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी सहित 16 आरोपी लोगों के खिलाफ



आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार के अपराधों के मामले में चार्जशीट दायर की। चार्जशीट के अनुसार, लालू प्रसाद और अन्य के खिलाफ प्रारंभिक जांच के परिणाम के बाद मामला दर्ज किया गया था। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने 27 फरवरी को आरोपियों को सम्मन जारी किया था और उन्हें 15 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। 15 मार्च को, राजद प्रमुख और उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को मामले के सिलसिले में दिल्ली की एक अदालत ने जमानत दे दी थी। अदालत ने कहा कि मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बिना गिरफ्तारी के आरोप पत्र दाखिल किया। इसने प्रत्येक आरोपी को 50,000 रुपये के निजी जमानत बांड और इतनी ही राशि की जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया।

# Archery World Cup: भारत पुरुष और महिला रिकर्व टीम स्पर्धाओं से बाहर

शंघाई। भारत की पुरुष रिकर्व टीम गुरुवार को यहां क्वार्टर



फाइनल में कोरिया से हारकर तीरंदाजी विश्वकप से बाहर हो गई। भारत के धीरज बोम्मादेवरा, अतनु दास और नीरज चौहान की तिकड़ी को ली वू सोक, किम जे देओक और किम वूजिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरियाई टीम के हाथों 0–6 (54–55, 56–57, 54–59) से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने चीनी ताइपे पर 5–3 (57–57, 56–58, 57–56, 58–51) से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। टीम क्वालीफिकेशन में चौथी वरीयता हासिल करने वाली सिमरनजीत कौर, अवनीत कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला टीम ने पहले दौर में ही निराशाजनक प्रदर्शन किया और वह अपने से कम रैंकिंग वाली इंडोनेशिया की टीम से 1–5 (54–57, 57–57, 50–52) से हार गई। रिकर्व टीम स्पर्धाओं में भारत की उम्मीद अब धीरज बोम्मादेवरा और सिमरनजीत कौर की मिश्रित जोड़ी पर टिकी होंगी। क्वालीफायर में पांचवें स्थान पर रहने के कारण उन्हें दूसरे दौर (प्री क्वार्टर फाइनल) में बाई मिली है।

# कुशीनगर पुलिस ने खोली 15 हिस्ट्रीशीटरो की कुंडली

कुशीनगरं । अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों पर नकेल कसने की गरज से कुशीनगर जनपद की पुलिस ने पन्द्रह हिस्ट्रीशीटरो की कुण्डली खोल दी है। अब इन अपराधियों के हर गतिविधियों पर पुलिस की बाज दृष्टि होगी।

काबिलेगौर है कि जिले मे कानून व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थानों से हिस्ट्रीशीटरो की कुण्डली खोल इन अपराधियों पर पुलिस निगरानी रखते हुए कार्यवाई करेगी।

पुलिस ने जिन हिस्ट्रीशीटरो की कुंडली खोली है। उसमें पडरौना कोतवाली क्षेत्र के मेराज पुत्र किस्मुद्दीन निवासी बसाहिया बनबीरपर के खिलाफ तीन, कलीम पुत्र नैमुल निवासी बसहिया बनबीरपुर के खिलाफ तीन, लल्लन कुशवाहा निवासी जंगल बनबीरपूर, देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ दीपू सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी शिवसागर कालोनी छावनी पडरौना के खिलाफ 6 मुकदमें पडरौना में दर्ज है। इसी तरह अलाउद्दीन उर्फ रायफल निवासी गड़हिया के खिलाफ तुर्कपट्टी थाने में 5 मुकदमें दर्ज है। अवनीश सिंह पुत्र पवहारी सिंह निवासी किसुंदासपट्टी के खिलाफ थाना तुर्कपट्टी में 6 मुकदमें दर्ज है। संदीप सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी मुंडेरा बाबू थाना तुर्कपट्टी के खिलाफ अहिरौली थाने में 6 मुकदमें, वीरेंद्र सिंह पुत्र शिवधर निवासी थरुआडीह वार्ड नंबर 17 के खिलाफ हाटा कोतवाली में 9 मुकदमें, राजा अंसारी पुत्र याकूब अंसारी निवासी दूदही वार्ड नंबर 12 के खिलाफ 4 मुकदमें, पप्पू यादव पुत्र शंभू यादव निवासी झड़वा के खिलाफ तरयासुजन थाने में 4 मुकदमें, अभिनाश सिंह पुत्र राज नारायण सिंह निवासी जवही नरेंद्र के खिलाफ तरयासूजन थाने में 4 मुकदमें दर्ज है। इसी कडी प्रकार गोलू उर्फ हंटर निवासी पुत्र ओमप्रकाश गिरी निवासी भैसहा सदर के खिलाफ कसया थाने में 4 मुकदमे दर्ज है। साहब हुसैन पुत्र इशरायल अंसारी निवासी बलियावा के खिलाफ चौराखास थाने में 7 मुकदमें दर्ज है। सुनील जायसवाल पुत्र सम्मत जायसवाल निवासी बनकटा बाजार के खिलाफ चौराखास थाने में 7 मुकदमें दर्ज है जोहिस्ट्रीशीटर है। इस संबंध में एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि कानून व्यवथा को और सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न अपराधों में शामिल कुल 15 हिस्ट्रीशीटरो का अपराधिक इतिहास को देखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## प्रधानों ने बीडीओ के खिलाफ किया प्रदर्शन

बरहज। स्थानीय ब्लॉक परिसर में .खंड विकास अधिकारी के खिलाफ प्रधान संघ ने मोर्चा खोल दिया। प्रधानों ने . ब्लॉक परिसर में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बीडीओ का पांच दिवस के भीतर स्थानांतरण नहीं कि जाने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश यादव और पदमाकर मिश्र के संयुक्त नेतृत्व में प्रधानों ने बीडीओ के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक सभागार में बैठक की। इसमें प्रधानों ने बीडीओ चंद्रभूषण यादव के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उनका कहना था कि बीडीओ के साथ–साथ अन्य कर्मी भी अपनी मनमानी कर रहे हैं। गांव में ग्राम सचिवालयों पर कोई भी कर्मचारी समय नहीं दे रहा है। जिससे वहां हमेशा ताला लटक रहा है। अक्सर परिवार रजिस्टर की नकल, मृत्यु–जन्म प्रमाण पत्र आदि के लिए लोगों को ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ रहा है। बीडीओ पर प्रधान कमीशनखोरी का भी आरोप लगा रहे थे। स्थानांतरण नहीं होने पर प्रधानों ने आंदोलन की चेतावनी दिया है। बैठक को घनश्याम सिंह, धीरेंद्र तिवारी, संजय यादव, गामा यादव, राधिका दीक्षित, राजनाथ यादव, राजेंद्र यादव, अभय यादव, विनीत सिंह, रामविलास गोंड़, प्रेम कुमार, विनोद चौरसिया, कमलेश यादव आदि ने संबोधित किया। मौके पर छोटेलाल, देवेंद्र यादव, राधेश्याम, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय से नदारद मिले 26 शिक्षक, कटेगा एक दिन का वेतन

देवरिया। जिन पर बच्चों के भविष्य संवारने व सही दिशा देने की जिम्मेदारी है, वह गुरुजी खुद समय के पाबंद नहीं हैं। .सुबह सभी तहसीलों में परिषदीय विद्यालयों के लिए चले सघन जांच अभियान में 26 शिक्षक स्कूल से नदारद मिले। डीएम ने इनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में समस्त तहसीलों में स्थित विभिन्न परिषदीय विद्यालयों व डायट, रामपुर कारखाना में शिक्षकों की उपस्थिति जांचने के लिए सघन अभियान चलाया गया। इसमें कई अध्यापक नदारद मिले। डीएम ने काम नहीं तो वेतन नहीं के आधार पर सभी अनुपस्थित शिक्षकों के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश के साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया है। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम डायट रामपुर कारखाना का निरीक्षण किया। यहां प्राचार्य अनिल कुमार समेत छह प्रवक्ता व नौ कार्मिक अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित रहने वाले प्रवक्ताओं में धनंजय कुमार चतुर्वेदी, अमित कुमार तिवारी, डॉ जितेंद्र कुमार, सतीश कुमार मिश्र, शिव प्रताप सिंह व कुलदीप कुमार शामिल हैं। इसी प्रकार गजेंद्र राव प्रशासनिक अधिकारी, सुभाष प्रसाद गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, सत्यम श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार मौर्य, विद्यानंद यादव अनुपस्थित पाए गए। इसके बाद जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा तरकुलवा का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में 205 नामांकित छात्रों में से 69 उपस्थित मिले। कक्षा चार का अटेंडेंस विगत दो दिनों से भरा नहीं गया था। जिलाधिकारी ने छात्रों से मिड डे मील के विषय में जानकारी प्राप्त की। बताया कि आज मेनू के मुताबिक तहरी व दूध मिला है। डीएम ने किचन का भी निरीक्षण किया।

## मेडिकल कॉलेज में मोतियाबिंद का ऑपरेशन शुरू

देवरिया। मेडिकल कॉलेज में एक माह बाद मोतियाबिंद का ऑपरेशन शुरू हो गया। इससे इंतजार कर रहे मरीजों को राहत मिली है। करीब तीस मरीजों का ऑपरेशन किया गया। लेंस न होने के कारण ऑपरेशन ठप था। हालांकि अभी दवा और चश्मा की कमी है। मरीजों को अपने पास से इंतजाम किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत मेडिकल कॉलेज में नेत्र सर्जन मरीजों के आंखों की जांच करते हैं और चिह्नित मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर रोशनी लौटाने का काम करते हैं। अस्पताल में ऑपरेशन के लिए भीड़ होती है। हर रोज औसतन बीस मरीजों का ऑरेशन होता था। पर लेंस, दवा, चश्मा समाप्त हो जाने के कारण ऑपरेशन कार्य बंद हो गया था। हर रोज मरीज आते और उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा था। इसे देखते हुए पांच मई से डॉक्टरों ने मरीजों को ऑपरेशन का डेट देना बंद कर दिया था। सीएमओ डॉ. राजेश झा ने काफी प्रयास के बाद 400 लेंस मेडिकल कॉलेज को उपलब्ध कराया। . असिस्टेंट प्रो. डॉ. कन्हैया प्रसाद ने करीब 30 मरीजों का ऑपरेशन किया। सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा ने बताया कि मोतियाबिंद का आपरेशन शुरू हो गया है। जिस चीज की कमी है उसे मंगाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही उपलब्ध हो जाएंगे।

## दो पक्षों में चले ईंट–पत्थर, महिलाओं सहित आठ लोग घायल

देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के कोठा गांव में .सुबह लगभग 10 बजे दो पक्षों में जमकर ईंट पत्थर और लाठी–डंडे चले। रात कोठा के मदन यादव के घर अर्केस्ट्रा का कार्यक्रम चल रहा था, उसी में फरमाइशी गाना बजाने को लेकर हाथापाई विवाद की वजह बनी। उसी घटना को लेकर मनबढ़ पुनरू सुबह गोलबंद होकर लाठी–डंडों से लैस होकर मदन यादव के दरवाजे पर आकर गली देने लगे मना करने पर ईंट पत्थर और लाठी डंडा चलाने लगे। इसमें मदन यादव, ददन यादव, ललन यादव, गुड्डू यादव और कुछ घर की औरतें घायल हो गईं। घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपार रानी कराया गया और मदन यादव और ललन यादव को गंभीर चोट के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बनकटा के थाना प्रभारी मुकेश कुमार मिश्र ने बताया कि किसी पक्ष से कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आज

महराजगंज। जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज सभागार में 19 मई को प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। इसमें महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि प्रबंधक डॉ. बलराम भट्ट रहेंगे। प्राचार्य प्रोफेसर दिग्विजय नाथ पांडेय ने बताया कि सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले समारोह में एमए प्रथम वर्ष राजनीति शास्त्र में सारिका शर्मा, द्वितीय वर्ष राजनीति शास्त्र में ज्योति गुप्ता, प्राचीन इतिहास प्रथम वर्ष में अंबालिका तिवारी, द्वितीय वर्ष में रूपा मद्धेशिया आदि को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाषण, वाद–विवाद , पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता, स्वरचित पाठ में जिन छात्र–छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।

## कबाड़ हो गया आरओ प्लांट

महाराजगंज । किसुनपुर प्राथमिक विद्यालय के पास लगा आरो प्लांट बिजली कनेक्शन व रखरखाव के अभाव में कबाड़ बन गया है। वर्ष 2019 में ग्राम सभा की ओर से करीब चार लाख रुपये की लागत से आरओ प्लांट स्थापित कराया गया था। गांव के उमेश मद्धेशिया, शोभा, सोनू सिंघानिया, धिरन चौधरी, गुड्डू मद्धेशिया, इंद्रजीत आदि ने बताया कि बिजली कनेक्शन व रखरखाव के अभाव में आरओ प्लांट कबाड़ हो गयाौ। किसुनपुर, बैरागी टोला, बैरवा टोला, पिपरडाढा, देवान टोला, रामनगर, सोबडा, पियारीडीह, नौतनवां क्षेत्र के डगरुपुर, शीशगढ़, लक्ष्मीपुर, खैरहवां जंगल, भगतपुरवां आदि गांवों के ग्रामीण पीने के लिए पानी यहीं से ले जाते थे। ग्राम प्रधान सुभाष चौधरी ने बताया कि समस्या का समाधान कराने के लिए प्रयास किया जाएगा।

# अभी नहीं चेते तो इस बरसात में भी डूब जाएंगे कई मोहल्ले

### नालियों का गंदा पानी घरों में घुसने से शहरवासियों के लिए हो जाती है नारकीय स्थिति

देवरिया। बाबू एक महीना में बरसात शुरू हो जाई...तब फिर घरवे में कैद होके रहि जाएक पड़ी। बरसात के दिन में दू से तीन फिट पानी सड़की पर लगी जाला...ऐसे में अइले जइले में नरके से गुजरेक पड़ेला। यह पीड़ा है शहर के अलीनगर के यूसुफ, रहमान, शहीदनगर के पीर मोहम्मद, अनूप पांडेय सहित आधा दर्जन से अधिक मोहल्लेवासियों की। दरअसल बरसात में हर साल शहर की करीब 20 हजार आबादी जलभराव का दंश झेलती है। इतना ही नहीं छह सौ से अधिक परिवार घर के आसपास पानी भर जाने के कारण पलायन को मजबूर हो जाते हैं। जो रहते भी हैं, वे चचरी के पुल के सहारे जलभाराव वाले रास्ते से गुजरने को अपनी नियति मान चुके हैं। जलभराव की आशंका से सहमे शहरवासियों का कहना है कि अगर समय रहते इस बार भी कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया तो फिर से उनकी दुर्गति होनी तय है।

पिछले साल बरसात में लोग रोजमर्रा के सामानों के लिए चचरी पुल व ट्यूब का सहारा लेते थे। घर में सांप, बिच्छुओं का बसेरा हो गया था। हर साल हो रही चार माह की दुश्वारी को याद कर लोग जिम्मेदारों को कोस रहे हैं। उनका कहना है कि सात साल से उन्हें आश्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही है, लेकिन जलनिकासी का समुचित इंतजाम नहीं किया जा रहा, जो 44 करोड़ का बजट मिला उसे शहर के मध्य भाग में ही खपा दिया गया है।

**यहां होती है सर्वाधिक दिक्कत**

रामगुलाम टोला पूर्वी, शांति नगर महुआबारी, पिड़रा, गायत्रीपूरम, अली नगर, शहीद नगर, चटनी गड़ही मोहल्ला, मंगलमपूरम फेज एक और दो में जल निकासी का इंतजाम नहीं हो पाया है। इसमें कुछ नई कालोनियां बसी हैं तो कुछ दशकों पुरानी हैं। 15 जून के बाद मानसून आते ही इन मोहल्ले के लोगों की धड़कन बढ़ जाती है। क्योंकि यह मोहल्लेवासी बीते सात साल से बरसात में जलभराव का दंश झेल रहे हैं। किसी सड़क पर कमर भर तो कहीं कंधे भर पानी जमा हो जाता है। वर्ष 2018 में अली नगर, शहीद नगर, शांति नगर महुआबारी में बाढ़ जैसे हालात थे। एनडीआरएफ की मदद से मोहल्ले के लोगों को रेस्क्यू किया गया था। करीब चार सौ परिवार पलायन को मजबूर हुए थे। बाद के दिनों में भी हर साल कभी कम कभी ज्यादा इस तरह की नौबत आती रहती है।

# उद्योग व व्यवसाय के लिए बैंकों के चक्कर लगा रहे आवेदक

### कागजी कोरम पूरा करने के बाद भी बैंककर्मी लोन देने में कर रहे आनाकानी

देवरिया। जिला उद्योग विभाग व बैंकों के बीच तालमेल नहीं है। जिन कागजातों के सहारे उद्योग विभाग के अधिकारी भारी भरकम अनुदान के साथ लोन दिलाने का दावा करते हैं, वह फाइल बैंक में पहुंचते ही खारिज कर दी जा रही है। बीते दो साल के आंकड़ों पर गौर करें तो प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना के 190 आवेदन बैंकों ने रिजेक्ट किए हैं। ये सभी आवेदन जिला उद्योग विभाग से बैंकों को अग्रसारित किए गए थे। बैंकों के मनमानी की शिकार ज्यादातर महिलाएं हो रही हैं। बरवामीर छापर गांव की विभा पांडेय ने वर्ष 2020 में एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत 10 लाख रुपये लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जिला उद्योग विभाग की ओर से उनकी फाइल बैंक को अग्रसारित कर दी गई। बैंक ने विभा से गारंटी मांगी तो उन्होंने जमीन के कागजात प्रस्तुत किए। फिर जीएसटी पेपर न होने का हवाला दिया गया। यह कागजात भी तैयार कर विभा ने जमा कर दिया। सारी कमी पूरी होने के बावजूद मैनेजर ने लोन देने से इन्कार कर दिया। वह लोन नहीं देने का कारण पूछती रहीं, पर बैंक की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।

**स्पष्ट नहीं हो पातीं बैंकों की शर्तें:** उद्योग विभाग की शर्तों के मुताबिक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण–पत्र जाति प्रमाण, आय प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं शपथ–पत्र देना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच व न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदक किसी भी बैंक अथवा वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो। पूर्व में संचालित किसी योजना में (सब्सिडी) का लाभ प्राप्त न किए हो। जबकि बैंकों की शर्तें स्पष्ट नहीं हो पातीं। सारे कागजात होने के बाद शाखा प्रबंधक अपने विवेकानुसार निर्णय लेते हैं कि आवेदक लोन चुका पाने में समर्थ है या नहीं।

# उद्योग न लगाने वाले 42 प्लॉटों का आवंटन होगा निरस्त

### जिलाधिकारी ने किया मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, पथरदेवा का निरीक्षण

देवरिया। उद्योग व व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन हर तरह से प्रयास कर रहा है। डीएम ने पथरदेवा स्थित मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट का निरीक्षण किया। उन्होंने उद्योग न लगाने वाले 42 इंडस्ट्रियल प्लॉटों के स्वामियों का आवंटन निरस्त करने का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जो भी उद्यमी भूमि का आवंटन कराकर उद्योग नहीं स्थापित कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 1990 में स्थापित पथरदेवा औद्योगिक आस्थान में कुल 44 फैक्ट्रीध्कारखाने स्थापित करने के लिए 18 उद्यमियों को प्लॉटों का आवंटन किया गया था। लेकिन वर्तमान समय तक महज दो औद्योगिक केंद्र ही स्थापित हुए हैं और वे भी निरीक्षण के दौरान बंद मिले। डीएम ने कहा कि जिस उद्देश्य से प्लॉटों का आवंटन किया गया था, वह अभी तक पूरा नहीं हो सका है। ऐसी स्थिति में मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट में उद्योग नहीं लगाने वाले 42 प्लॉटों के भू–स्वामियों को आवंटन निरस्त करने का नोटिस दिया जाएगा। ये प्लॉट नए निवेशकों को उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि क्षेत्र और जनपद में उद्योग को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आगे भी इस तरह कार्रवाई करेगा।

**पथरदेवा औद्योगिक आस्थान में 2.33 करोड़ से होंगे विकासात्मक कार्य**

डीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार जनपद की औद्योगिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में 2.33 करोड रुपये की लागत से औद्योगिक आस्थान पथरदेवा में विकासात्मक कार्य कराए जाएंगे, जिसमें औद्योगिक आस्थान की बाउंड्री, नाली निर्माण, सड़क निर्माण व प्रकाश व्यवस्था शामिल है। उन्होंने बताया कि बुनियादी सुविधाओं का प्रशासन पूरा ध्यान रख रहा है, ताकि उद्यमियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाए। डीएम के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन भी मौजूद थे।

# शहर के 42 ट्रांसफार्मर ओवरलोड, लो वोल्टेज ने बढ़ाई दिक्कत

### रात में लो वोल्टेज से धीरे-धीरे घुमता है पंखा, गर्मी से पूरी नहीं हो पाती है लोगों की नींद

महराजगंज। लो वोल्टेल की समस्या शहरी परेशान हैं। खपत के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। दिन में वोल्टेज ठीक रहता है, लेकिन रात होते ही पंखे धीरे–धीरे घूमने लगते हैं। शहर में 25 मोहल्लों में लगे 42 ट्रांसफार्मर ओवरलोड चल रहे हैं। दिन में करीब पांच से छह बार बिजली जाने–जाने का क्रम जारी रहता है। बिजली निगम की ओर से आपूर्ति 24 घंटे बेहतर ढंग से देने का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। गर्मी में होने वाले फाल्ट के चलते शहरवासी परेशानी का सामना कर रहे हैं। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने, तार बदलवाने तथा चोरी रोकने के दावा सच साबित नहीं हुए। शहर में प्रतिदिन 10 मिलियन यूनिट बिजली खर्च हो रही है। बिजली निगम के अधिकारी शहर में 10 मिलियन यूनिट बिजली की खपत प्रत्येक दिन होना बता रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोड बढ़ने के कारण वोल्टेज लो हो रहा है।

रात में बिजली रहने व न रहने का कोई मतलब नहीं है। रात में फ्रीज भी नहीं चलता है। इससे घर में रखी जरूरी सामग्री खराब हो रही है। शास्त्री नगर के रामप्यारे ने बताया कि रात में आठ बजे के बाद लो वोल्टेज होने के कारण पंखा धीरे–धीरे चलता है। यह समस्या क माह से है। गांधी नगर के राकेश ने बताया कि रात में प्रत्येक दिन वोल्टेज ठीक नहीं मिल रहा है। बिजली निगम के दावे और हकीकत में बहुत अंतर है।

**विस्तार क्षेत्र में लगेगा 15 ट्रांसफार्मर**

शहर के विस्तारित क्षेत्र वाले गांवों में 15 नए ट्रांसफार्मर लगाने की योजना है। पहले से ही 200 ट्रांसफार्मर लगे हैं। इसमें 42 ओवरलोड हैं। शहर में 5,600 बिजली का कनेक्शन है। बिजली निगम के अधिकारी लो वोल्टेज का कारण यह बता रहे हैं कि केबल दूर से घरों तक ले जाया गया है।

**गर्म हवा झुलसा रही शरीर, राहत के आसार नहीं**

महराजगंज। मई में तापमान लगातार 38.7 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने के कारण भीषण गर्मी के बीच गर्म हवा झुलसाने का काम कर रही हैं। दोपहर के समय लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। मौसम विशेषज्ञ कैलाश पांडेय ने बताया कि गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है। अधिकतम तापमान बढ़ने की संभावना है।

**गर्मी से बढ़े डिहाइड्रेशन और डायरिया के मरीज बढ़े**

महराजगंज। डिहाइड्रेशन और डायरिया के मरीज बढ़े हैं। डॉक्टरों की सलाह है कि इस मौसम में अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखें। गर्मी में डिहाइड्रेशन और डायरिया से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। जिला अस्पताल में सोमवार को फिजिशियन कक्ष में करीब मरीज पहुंचे थे। इसके अलावा चेस्ट फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक ओपीडी में भी खासी भीड़–भाड़ रही। फिजिशियन डॉ. बीपी सिंह के मुताबिक लगातार बढ़ता जा रहा पारा लोगों को बीमार बना रहा है। ऐसे मौसम में जरा सी लापरवाही होने पर लोग डिहाइड्रेशन की चपेट में आ रहे हैं। आंखों में जलन, पेट में ऐंठन, बदन दर्द के भी केस पहुंच रहे हैं। जिन्हें दवाओं के साथ ही, बदलते मौसम में बचाव के सुझाव, एहतियात बरतने का सुझाव दिया जा रहा है।

# आज पति को स्वस्थ और दीर्घायु रखने का व्रत है वट सावित्री व्रत – आचार्य अजय

### इस बार 19 को सुहागिन महिलाएं रखेंगी वट सावित्री व्रत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सलेमपुर, देवरिया। नगर के ईचौना पश्चिमी वार्ड में गुरुवार को



आयोजित एक धार्मिक अनुष्ठान को सम्बोधित करते हुए आचार्य अजय कुमार शुक्ल ने श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति में ज्येष्ठ मास के अमावस्या तिथि का बहुत ही महत्व है। आज ही के दिन महिलाएं अपने पति के स्वस्थ व दीर्घायु के लिए वट सावित्री व्रत रखती हैं। उन्होंने बताया कि इस बार इस व्रत की शुरुआत 18 मई को रात्रि 9 बजकर 9 मिनट से हो रहा है।इसका समापन 19 मई को रात 8 बजकर 39 मिनट पर होगा। उदया तिथि 19 को अमावस्या तिथि होने के कारण व्रत 19 को रखा जाएगा। पुराणों में वर्णित है कि इसी दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान का प्राण यमराज से बचाए थे। इस व्रत का महात्म्य करवा चौथ व्रत के समान माना जाता है। इस दिन वट वृक्ष के नीचे ही यमराज ने सावित्री के पति सत्यवान के प्राण वायु वापस लौटाए थे।तभी से इस दिन सुहागिन महिलाए इस वृक्ष के चारों तरफ कलेवा बांधकर अपने सुहाग की रक्षा व दीर्घायु होने की कामना करती हैं। कथा के दौरान गणेश मिश्र, मनोज पांडेय, किरन देवी, प्रेमशीला देवी, मुन्ना यादव, सुनील तिवारी ,शिरोमणि देवी, नेहा पांडेय, सोनी देवी, मंजू पांडेय, आरती देवी आदि उपस्थित रहे।

# सोनौली कार्यालय पर नवनिर्वाचित चेयरमैन के प्रथम आगमन पर हुआ भब्य स्वागत

पवन विश्वकर्मा/दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौलीध्महराजगंज। नवनिर्वाचित चेयरमैन हबीब खान के आज नगर



पंचायत सोनौली कार्यालय पर प्रथम आगमन को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने भब्य स्वागत की तैयारियां करते हुवे कार्यालय पहुचे चेयरमैन का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया इस मौके पर नगर के सभी वार्डो के सभासदों की उपस्थिति रही। नगर पंचायत कार्यालय में सर्व प्रथम नवनिर्वाचित चेयरमैन हबीब खान नगर पंचायत कर्मियों ने फूल माला पहना कर स्वागत किया वही नगर पंचायत कार्यालय पर स्थानीय लोगो का भारी हुजूम रहा, नवनिर्वाचित चेयरमैन को सुनने व देखने के लिए भीड़ इतनी बढ़ गई कि लोगो को खड़े होना पड़ा। वही सभी उपस्थित लोगों के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने जलपान कराया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सभासदों ने अपना परिचय देने के बाद अपनी बातों को नवनिर्वाचित चेयरमैन हबीब खान के समक्ष रखी, वही अपने सम्बोधन में चेयरमैन ने उपस्थित लोगों से कहा कि, नगर को विकाश के पथ पर ले जाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी, रुके सभी कार्य पूरे होंगे, नगर का अपना कार्यालय जल्द से जल्द तैयार किया जाएगा। इस मौके पर नवनिर्वाचित सभासद अमीर आलम, प्रदीप नायक, वकील अहमद, कमरुद्दीन शेख, रामअचल, पप्पू खान, करम हुसैन, नजमुद्दीन खान, विजय कन्नौजिया, सागर धवल सहित सभी सभासद एवं नगर के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध करें:जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य मंत्री के विकास प्राथमिकता वाले बिन्दुओं की समीक्षा की, इस दौरान जिलाधिकारी ने विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से बारी–बारी से बिन्दुवार समीक्षा की, बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अस्पतालों में डिलिवरी, आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा भ्रमण व टीकाकरण के प्रगति की समीक्षा की, तो प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी व डी0पी0एम0 को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नये आयुष्मान कार्डों के बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये और इस कार्य में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की जिम्मेदारी तय की जाये कि वह आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्यों के प्रगति की समीक्षा निरन्तर करते रहें, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जायें। उन्होंने कहा कि जनपद में ज्वाइंन करने वाले नये डॉक्टरों को जिन अस्पतालों में डॉक्टर की कमी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर तैनाती की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में ही लोग डिलेवरी करायें, इसके प्रति उन्हें जागरूक किया जाये, जिससे कि वह डिलेवरी के समय होने वाली समस्याओं से बच सके और डिलेवरी के पश्चात बच्चों को निर्धारित समय अवधि में टीकाकरण भी कराया जायें। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये जा रहे प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की और इसके सम्बन्ध में परियोजना निदेशक(ग्राम्य विकास विभाग) से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में बन रहे प्रधानमंत्री आवास व मुख्य मंत्री आवास के भवनों में प्लास्टर व फर्श के निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से करायें जायें, जिन भवनों में फर्श व प्लास्टर का कार्य नहीं किया जायेगा, उस क्षेत्र के खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत ड्रोन कैमरा के माध्यम से सड़कों के निर्माण कार्यों की रिकार्डिंग कराने के लिए एक्सईएन पी0एम0जे0एस0वाई0 को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करते हुए लाभान्वित किये जाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाये और इससे सम्बन्धित जो भी समस्याएं किसान बन्धुओं की हों, उसका शीघ्र निस्तारण कराया जायें। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए ग्राम सभाओं के विकास से सम्बन्धित जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, उनका सही ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाये और बेहतर ढंग से निगरानी की जाये और अधूरे पड़ें निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाये, इस कार्य में शिथिलता कदापि न बरती जायें, शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसी प्रकार से जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम 50 लाख रूपये से अधिक लागत की निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा की गयी, समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में बनाये जा रहे नाले की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली और सम्बन्धित निर्माण एजेन्सी सी0एन0डी0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि नाला के निर्माण कार्य की साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने आवास विकास परिषद द्वारा नगवां में कस्तूरबा गॉधी बालिका में एकेडमिक ब्लाक के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की तो कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने परियोजना प्रबन्धक आवास विकास को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार से जनपद के बार्डर पर एक्सीएन प्रान्तीय खण्ड व निर्माण खण्ड–2 द्वारा बनाये जा रहे गेट के निर्माण कार्य व प्रकाश की व्यवस्था की समीक्षा की तो गेट के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने एक्स0सी0एन0 प्रान्तीय खण्ड व एक्स0सी0एन0 निर्माणा खण्ड–2 को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार से राजकीय निर्माण निगम द्वारा राजकीय महाविद्यालय बभनी में चहार दिवारी की निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी, तो निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0जी0 यादव, प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा,जिला पूर्ति अधिकारी गौरीशंकर शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ओम प्रकाश यादव,डी0सी0 मनरेगा रमेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0एस0 मौर्या, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार खैरवार, जी0एम0डी0आई0सी0 राजधारी गौतम, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## कचहरी परिसर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, वकील झेल रहे परेशानी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डिस्ट्रिट बार एसोसिएशन सोनभद्र की एक बैठक



अधिवक्ता भवन कक्ष संख्या 1 में 11बजे दिन पूर्व उपाध्यक्ष एड पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वकीलों की बैठने की व्यवस्था, सफाई, पेयजल व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को ठीक करने पर विचार विमर्श किया गया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री विमल प्रसाद सिंह ऐडवोकेट ने कहा कचहरी परिसर में बढ़ती अधिवक्ताओं की संख्या की अपेक्षा बैठने की जगह ही कम है। कचहरी परिसर में गंदगी का अंबार लगा मिला। कचहरी परिसर स्थित सभी शौचालयों में गंदगी एवं पानी का अभाव होने की वजह से अधिवक्ताओं एवं वादकारियो को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसमें भी खासकर महिला अधिवक्ता एवं महिला वादकारियों को, जिसे अभिलंब ठीक किया जाना चाहिए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता राजेश कुमार यादव ने कहा कि वकीलों के तख्त के नीचे कूड़ा पड़ा हुआ है। दीवारें गुटखा की पीक से लाल हो चुकी हैं। कचहरी परिसर में सबसे बड़ी समस्या पानी की है कचहरी परिसर में बने पांच सार्वजनिक शौचालय में सफाई व्यवस्था चौपट है। सफाई कर्मी हमेशा नदारद रहते हैं जिससे लगता है कि कोई सफाई कर्मी है ही नहीं, समस्त शौचालय शौचालयों को अभिलंब स्वचालित मशीन से सफाई प्रतिदिन दो बार सफाई किया जाना तथा पानी की टंकी को भरा जाना आवश्यक है। इसके लिए एक कर्मचारी की नियुक्त किया जाना जाय।वरिष्ठ अधिवक्ता कामता प्रसाद यादव एवं टीटू प्रसाद गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कचहरी परिसर में एक वॉशरूम नहीं बना है। कचहरी में आने वाली महिला वकीलों और वादकारियों के लिए यह सबसे बड़ी समस्या है। एडवोकेट अनुराधा ने महिलाओं के लिए स्टाफ रूम बनाए जाने की मांग की। सुरेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट, अनिल कुमार सिंह एड, संदीप जायसवाल,नवीन कुमार पांडेय एड, कामता प्रसाद यादव एड, शाहनवाज आलम एड, फूल सिंह एड, संतोष चतुर्वेदी आदि लोग चर्चा में मौजूद रहे।

## मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य में लाये तेजी, कार्य को शीघ्र किया जाये पूर्ण:जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने



पुलिस लाईन चुर्क के पास निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज परिसर में सड़क निर्माण, भवन निर्माण व विभिन्न संकायों के भवनों के निर्माण कार्यों के प्रगति को देखा और निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधि से कराये जा रहे निर्माण कार्यों के प्रगति के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की, यह तथ्य संज्ञान में आया कि मेडिकल कालेज की सड़क व भवन के निर्माण कार्य के साथ ही भवनों के पुट्टी के कार्य प्रगति धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना है, इसमें शिथिलता व लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्राचार किया जायेगा, उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज के निर्माण में निर्धारित मानक के अनुरूप लेबर, मिस्त्री, कारपेन्टर आदि को और अधिक संख्या में लगाया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाये, शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये और कार्य करने के बजाय मजदूर कम होने का बहानेबाजी न किया जाये अन्यथा की दशा में शासन स्तर पर पत्राचार कर कड़ी कार्यवाही कर दी जायेगी। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धितों द्वारा बताया गया मेडिकल कालेज के एकेडमी, ट्रेनिंग हाल,मेडीसीन लैब, इलेक्ट्रीक कक्ष, बायो कमेस्ट्री लैब, लेक्चर थियेटर, गर्ल्स हास्टल, शौचालय आदि के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेन्सी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में लगने वाले सामग्रियों को यथा शीघ्र मंगा लिया जाये, जिससे कि निर्माण कार्य प्रभावित न हों और निर्माण कार्य में तेजी आयें। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0जी0 यादव, डी0एम0 के स्टेनो राम आधार सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## दुनिया के लाखों लोग मोहित सुपरस्टार जादूगर सिकंदर

बुद्ध का संदेश

लखनऊ। विश्व रंगमंच पर



7 हजार से भी ज्यादा मैजिक शो पूर्ण उत्कृष्टता और भव्यता के साथ प्रदर्शित कर दुनिया के लाखो लोगों को मोहित, सम्मोहित और आनन्दित कर चुके सुपर स्टार जादूगर सिकंदर को आज गुरुवार को सार्थक वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा गोल्डन पर्सनालिटी ऑफ इंडिया 2023 अवार्ड से सम्मानित किया गया साथ ही शो के पी आर ओ मदन भारती को भी शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया, इनदिनों नवाबों के शहर लखनऊ के चारबाग स्थित रविन्द्रालय मे अपना हैरतअंगेज जादू शो का प्रदर्शन कर रहे जादूगर सिकंदर को यह सम्मान आज शो के दौरान संस्था के संस्थापकध्अध्यक्ष अश्वनी जायसवाल और संस्था से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। अपने संबोधन में संस्था के अध्यक्ष जायसवाल ने कहा कि जादूगर सिकंदर देश प्रदेश का नाम पूरे विश्व में गौरवांवित कर रहे हैं।इनके प्रदर्शन मे मोहकता,सुंदरता और गति का मधुर मिश्रण शामिल हैं जो दर्शकों को आनंद से सराबोर कर देता है।उन्होंने कहा कि गोल्डन पर्सनालिटी ऑफ इंडिया अवार्ड एक अति प्रतिष्ठित सम्मान है जो विभिन्न क्षेत्रों मे उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली हस्तियों को दिया जाता है । संस्था के संस्थापकध्अध्यक्ष अश्वनी जायसवाल ने संस्था के विषय में यह भी बताया कि उनकी संस्था सार्थक वेलफेयर सोसाइटी एक वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी संस्था है जिसने 40,000 हजार बच्चो को स्वच्छता की शपथ दिलाकर यह कीर्तिमान बनाया था। संस्था के सराहनीय कार्य को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के दो उपमुख्यमंत्री सहित 24 मंत्रियों ने प्रशंशा पत्र दिए है । इसके अलावा करीब 4 दर्जन सरकारी एवम् गैरसरकारी संस्थानों ने संस्था को सम्मानित किया है । संस्था के मुख्य संरक्षक अजय कुमार ने कहा कि सार्थक वेलफेयर सोसाइटी नित्य नए कार्य कर रही है।जिससे समाज में संस्था की बहुत प्रशंशा हो रही है । संस्था हर वर्ष समाज में विभिन्न लोगो को जिन्होंने उत्कृष्ठ कार्य किया है । उनको लगातार सम्मानित करती आ रही है । अजय कुमार ने भी सिकंदर के मंच पर एक जादू दिखा लोगों को चकित कर दिए, जादूगर सिकंदर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वो आज जिस मुकाम पर पहुंचे हैं उसका श्रेय हमारी टीम और सभी दर्शकों को जाता है। इसलिए हमे मिलने वाला हर सम्मान उन सभी को समर्पित है।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## नानक सभागार में एलुमनी मीत कार्यक्रम आयोजित किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। गुरूनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज में के नानक सभागार में एलुमनी मीत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय में अध्ययन कर चुकी पुरानी छात्राएं सम्मानित हुई। पुनः महाविद्यालय परिसर में आगमन पर




अतीत की स्वर्णिम अभिभूतियों एवं समृद्धियों से उनके मुख पर खुशी के भाव स्पष्ट परिलक्षित हो रहे थे। वर्तमान छात्राओं द्वारा अद्धयनेत्तर सभी वरिष्ठ छात्राओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की दैनिक प्रार्थना ष्दही शिवा वर ष् तथा दीप प्रज्वलन एवं प्राचार्या डा सुरभि जी गर्ग द्वारा सभी एलुमनी छात्राओं के अभिनंदन तथा आशीष वचनों के साथ हुआ। उक्त अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा पूर्व छात्राओं के स्वागत हेतु विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसी श्रंखला के पूर्व छात्राओं ने भी महाविद्यालय में व्यतीत अपने पूर्व दिनों की यादें ताजा की तथा अपने अनुभवों को भी साझा किया। साथ ही साथ उन्होंने अपने वर्तमान अपनी सभी छात्राओं को उन्नति करना तथा भविष्य में सफल बनने के लिए प्रेरित किया। सभी एलुमनी छात्राओं को महाविद्यालय की स्मृति स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या महोदया ने सुभाशीष देते हुए उत्तरोत्तर जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय संबंधी स्मृतियां संजोए छात्राओं ने प्राचार्या महोदया के प्रेरणात्मक विचारों को जीवन में आत्मसात का आश्वाशन दिया और सभी ने करतल ध्वनि से उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन रोकने के लिये चला अभियान

### अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग करने वाले 73 वाहनों का चालान किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) के नेतृत्व में 15 ,16 व 17 मई, को अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमे कुल 73 वाहनों को ओवरलोड होने के कारण एम0चेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 32 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया तथा 20 वाहनों का वाहन स्वामियोंध्चालकों के द्वारा नोटिस की धनराशि को ऑनलाइन मौके पर जमा किया गया।

## दुष्कर्म एवं एससी/एसटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी दुद्धी नेतृत्व मे थाना बीजपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–49ध्2023 धारा– 363, 376, 506 भादवि व 3ध्4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सूरज दूबे उर्फ गोलू पुत्र सुरेश दूबे निवासी ग्राम जरहां, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र को जरहां मन्दिर के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# आप भी इस तरह से ब्लैकहेड्स हटा रहे हैं? अगर हां तो समझिए आपकी स्किन खराब हो रही है



ब्लैकहेड्स चेहरे की खूबसूरती बिगाडने का काम करते हैं. ये चेहरे के पोर्स में जमी एक तरह की गंदगी हैं, जो निकालने पर आसानी से नहीं निकलते हैं. सीबम के ज्यादा जमा होने पर भी ब्लैकहेड्स बनते हैं. ये चेहरे पर ब्लैक डॉट्स की तरह नजर आते हैं. नाक के ऊपर, ठोड़ी के पास या कई बार गाल पर भी ब्लैकहेड्स हो जाते हैं. इन्हें समय–समय पर निकालने की जरूरत होती है. हालांकि, इन्हें निकालते वक्त कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए, वरना पूरी स्किन खराब हो सकती है. आइए जानते हैं ब्लैकहेड्स निकालते समय किन–किन बातों का ख्याल रखना चाहिए...

नाखून का ना करें इस्तेमालः ब्लैकहेड्स निकालने समय कभी भी नाखूनों का इस्तेमाल न करें. फेस पर ब्लैकहेड्स की जड़ें अंदर तक होती है. ऐसे में जब आप नाखून से इन्हें निकालते हैं तो दाने निकलने का खतरा बना रहता है. कई बार नाखून से ब्लैकहेड्स निकालते समय घाव भी बन सकता है. यह चेहरे पर निशान छोड़ जाता है.

ब्लैकहेड्स रिमूवल का सही यूजः ब्लैकहेड्स निकालने के बाद कुछ लोग उसे बिना धोए ही रख देते हैं और बाद में ऐसे ही उसका इस्तेमाल करते हैं. इससे स्किन पर पिंपल्स या दूसरी समस्याएं शुरू हो सकती हैं. इसलिए जब भी मेटल ब्लैकहेड्स यूज करें तो उसे कॉटन वाइप से पोंछकर पानी से धोकर रखें.

ज्यादा स्क्रब न करेंः ब्लैकहेड्स को रिमूव करते वक्त लड़कियां उसे ज्यादा स्क्रब करने लगती है. एक हिस्से को ज्यादा रगडने से रैशेज हो सकता है. इससे स्किन ड्राई भी हो सकती है, उसमें जलन हो सकती है. इसलिए हार्श स्क्रब के इस्तेमाल से बचें. फेस स्क्रब हल्के हाथों से लगाएं, ज्यादा लगाने से स्किन एलर्जी भी हो सकती है.

ऑयली स्किन में ब्लैकहेड्स कैसे निकालेंः ड्राई स्किन के मुकाबले ऑयली स्किन से ब्लैकहेड्स निकालना काफी मुश्किल वाला काम होता है. ऐसा इसलिए क्योंकि चेहरे पर मौजूद एक्सट्रा ऑयल से गंदगी चिपक जाती है. बाद में ये ब्लैकहेड्स बन जाती है. ऑयली स्किन पर एक्स्ट्रा सीबम पोर्स पर जमा हो जाते हैं. ऑयली स्किन से ब्लैकहेड्स निकालने से पहले चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें. स्किन ड्राई है तो मॉइश्चराइज करें और फिर ब्लैकहेड्स निकालें.

सेफ्टी पिन या रेजर का न करें यूजः कई बार लोग नाक से ब्लैकहेड्स को हटाने के लिए सेफ्टी पिन या रेजर का इस्तेमाल करते हैं. इससे त्वचा छिलने का डर होता है और परेशानी हो सकती है. चेहरे की स्किन काफी सेंसिटिव और सॉफ्ट होती है, ऐसे में सेफ्टी पिन से ब्लैकहेड्स निकालने से उसे नुकसान हो सकता है. ब्लैकहेड्स निकालने में परेशानी हो तो ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद लें.

## सलमान खान के साथ बजरंगी भाईजान के सीच्ल में करीना कपूर नहीं, पूजा हेगड़े आएंगी नजर

सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान की रिलीज को



लगभग 8 साल का समय होने जा रहा है। फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और अब उन्हें इसके सीच्ल पवन पुत्र का इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से प्रशंसक सलमान को फिर से उसी भूमिका में देखने के लिए उत्सुक हैं, वहीं अब फिल्म से जुड़ा अपडेट सामने आया है। कहा जा रहा है कि फिल्म में करीना कपूर नहीं, पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में होंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने फिल्म पवन पुत्र में पूजा को शामिल कर लिया है। दूसरे शब्दों में कहे तो फिल्म में वह करीना की जगह लेंगी। पूजा वही किरदार निभाएंगी या नहीं जो करीना ने पहली फिल्म में निभाया था, यह अभी पता नहीं चला है। दिलचस्प बात यह है कि सलमान की आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी पूजा मुख्य भूमिका में नजर आ रही हैं।

इन फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं सलमान–करीना

सलमान और करीना अभी तक 3 फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों की पहली फिल्म क्योंकि 2005 में आई और इसके बाद 2009 में वह मैं और मिसेज खन्ना में साथ नजर आए। आखिरी बार दोनों 2015 में बजरंगी भाईजान में दिखे थे।

यह थी बजरंगी भाईजान की कहानीः बजरंगी भाईजान एक पाकिस्तानी लड़की मुन्नी (हर्षाली मल्होत्रा) की कहानी है, जो भारत में अपनी मां से बिछड़ जाती है। इसके बाद बजरंगी (सलमान) मुन्नी से मिलता है और उसे पाकिस्तान में उसकी मां से मिलाने का जिम्मा उठा लेता है। फिल्म में दोनों के बीच एक खूबसूरत रिश्ता देखने को मिलता है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक पाकिस्तानी पत्रकार चांद नवाब की भूमिका निभाई थी, वहीं करीना रसिका पांडे के किरदार में नजर आई थीं।

इस दिन रिलीज होगी किसी का भाई किसी की जानः फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित किसी का भाई किसी की जान अप्रैल में ईद पर यानी 21 तारीख को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस फिल्म से शहनाज गिल और पलक तिवारी बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं। इनके अलावा फिल्म में सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, राघव जुयाल, वीरेंद्र सिंह सहित कई सितारे शामिल हैं। फिल्म के अभी तक 2 गाने रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है।

टाइगर 3 के साथ भी करेंगे धमाकाः सलमान अपनी मशहूर फ्रेंचाइजी टाइगर 3 के साथ बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए भी तैयार हैं। मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान एक बार फिर कैटरीना कैफ के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में शाहरुख खान कैमियो करेंगे। बता दें कि एक था टाइगर 2012 में, टाइगर जिंदा है 2017 में और अब इसकी तीसरी किस्त टाइगर 3 साल के अंत में रिलीज होने के लिए तैयार है।




## बोल्डनेस और हॉट अदाओं की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती जिनी जैज



ओटीटी प्लेटफॉर्म उल्लू की कई सीरीज में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस जिनी जैज अब वेब सीरीज की दुनिया का जाना–माना चेहरा हैं। जिनी जैज अपनी बोल्डनेस और हॉट अदाओं की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। आज के दौर में जिनी जैज की गिनती ओटीटी की सबसे बोल्ड एक्ट्रेसेस में होती है। बता दें कि मॉडल से एक्ट्रेस बनीं जिनी जैज अब तक कई वेब सीरिज में नजर आ चुकी हैं। हालांकि, उन्हें पहचान ओटीटी प्लेटफॉर्म उल्लू की सीरिज चरमसुख– जाने अनजाने में से पहचान मिली।

चरमसुख– जाने अनजाने में नाम की वेब सीरीज में जिनी जैज ने बेहद बोल्ड सीन किए थे, जिसकी हर तरफ चर्चा थी। बता दें कि जिनी जैज मूल रूप से गोवा की रहने वाली हैं। हालांकि, एक्टिंग में करियर बनाने के लिए वो 2016 में मुंबई शिफ्ट हो गईं।

जिनी जैज की पॉपुलैरिटी की बात करें तो इंस्टाग्राम पर उनके 3.6 लाख फॉलोअर्स हैं। वहीं जिनी सिर्फ 330 लोगों को फॉलो करती हैं। बता दें कि जिनी का इंस्टा अकाउंट उनकी बोल्ड और इरॉटिक तस्वीरों से भरा पड़ा है।

बता दें कि जिनी जैज ने वेब सीरीज में मेल एक्टर्स ही नहीं, बल्कि फीमेल को–स्टार्स के साथ भी जमकर बोल्ड सीन्स दिए हैं। यही वजह है कि उन पर कई बार अश्लीलता परोसने के आरोप लग चुके हैं।

जिनी जैज भी बोल्ड और इंटीमेट सीन्स देने में बिल्कुल भी झिझक महसूस नहीं करतीं। वो खुद एक इंटरव्यू में इस बात को कबूल कर चुकी हैं कि ओटीटी प्लेटफॉर्म के दर्शक अलग हैं और मुझे बोल्ड कंटेंट से कोई परहेज नहीं है।

जिनी जैज के मुताबिक, नए आर्टिस्ट के पास ज्यादा चुनने का ऑप्शन नहीं होता। अगर आपको मौका मिलता है तो बस खुद को साबित करना होता है। ऐसे में अगर आप सोचने लगे कि लोग क्या कहेंगे, तो फिर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

अश्लीलता की बात को लेकर जिनी जैज का कहना है कि अगर लोग ऐसा कंटेंट न देखें, तो प्रोड्यूसर खुद–ब–खुद इन्हें बनाना बंद कर देंगे। लेकिन इस तरह का कंटेंट ओटीटी पर बड़ी संख्या में देखा जाता है, जिसकी वजह से प्रोड्यूसर इस तरह की वेब सीरीज बनाते हैं।

जिनी जैज वेब सीरिज के अलावा अब साउथ की फिल्मों में भी नजर आएंगी। जिनी ने हाल ही में एक साउथ फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। बता दें कि जिनी ने चरमसुख के अलावा जान बूझकर और टू बी और नॉट टू बी जैसी वेब सीरीज में भी काम किया है।

इंटरनेट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, जिनी जैज का जन्म 27 जून, 1986 को हुआ था। इनकी मां का नाम रजनी जोसेफ और पिता का जोसेफ क्रिस्टी है। जिनी ने अपनी स्कूली पढ़ाई मुंबई के सेंट जेवियर स्कूल से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने कालेज की पढ़ाई सेंट जॉन्स कॉलेज मुंबई से की।

जिनी को बचपन से ही एक्टिंग और मॉडलिंग का शौक था। यही वजह थी कि उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी होते ही एक्टिंग क्लास ज्वॉइन कर ली। बाद में जिनी मॉडलिंग करने लगीं और कई बोल्ड फोटोशूट भी कराए, जो खूब वायरल हुए।

जिनी के बोल्ड फोटोशूज की वजह से ही उन्हें आगे चलकर वेब सीरीज में बोल्ड रोल निभाने का मौका मिला। बता दें कि जिनी जैज ऑनस्क्रीन ही नहीं, बल्कि रियल लाइफ में भी बेहद बोल्ड हैं। वो कई बार वह बिकिनी और स्विमसूट में अपनी हॉटनेस दिखा चुकी हैं।

## अरहर की दाल बनाने का क्या है सही तरीका, कूकर में कितनी सीटी लगानी चाहिए



अरहर की दाल और चावल का स्वाद हर किसी को पसंद होता है. दाल हर घर में बनाई जाती है. यह जितना स्वादिष्ट होता है, उतना ही सेहतमंद...हर कोई अपनी–अपनी तरह से अरहर का दाल बनाता है. यही कारण है कि हर घर में अरहर की दाल का टेस्ट अलग–अलग होता है. अरहर की दाल 10 मिनट में बनकर तैयार हो जाती है. अगर इसे परफेक्ट बनाना है तो कुछ उपाय अपनाने चाहिए. फिर आपकी दाल खाकर हर कोई उंगलियां चाटता रहेगा. चलिए जानते हैं अरहर की दाल बनाने की परफेक्ट रेसिपी ...

स्वादिष्ट अरहर दाल बनाने का तरीका

1. कई महिलाएं अरहर की दाल पानी में बिना भिगोए ही पकाती हैं. जब भी अरहर की दाल पकाएं, उसे 20 मिनट तक पानी में भिगोकर रखें. ऐसा करने से दाल फूल जाती है. दाल को पानी में भिगोने से पहले 2–3 बार अच्छी तरह धोना चाहिए. कुछ देर बाद दाल फूलकर डबल हो जाती है.

2. अब कुकर में दाल से थोड़ा ज्यादा पानी डालकर उसे उबाल लें. इसके बाद दाल कुकर में डाल दें और हल्दी और नमक डालें. कई महिलाएं कुकर में दाल के साथ लहसुन और टमाटर भी डालती हैं लेकिन ऐसा करने से दाल का स्वाद कहीं गायब हो जाता है. इसलिए ये सभी सामान बाद में डालें.

3. पहले से ही फूली दाल पकने में ज्यादा समय नहीं लेता है. 1–2 सीटी आने के बाद आंच को बंद कर दें. दाल हमेशा धीमी आंच पर ही पकाएं. जब सीटी पूरी तरह बजना बंद हो जाए तब ही कुकर खोलें. अब दाल मथनी से धीरे–धीरे मैश करें.

4. मैश से पता चलता है कि दाल कितनी गाढ़ी है. ज्यादा गाढ़ी दाल में पानी डालकर उसे पतला करने के लिए दोबारा से धीमा आंच पर करीब 2 मिट तक पकाएं. ऐसा करते वक्त कुकर की लिड न लगाएं.

5. बहुत सी महिलाएं दाल पकाने से पहले ही तड़का लगा देती हैं, यह सही तरीका नहीं है. दाल पकाने के बाद तड़का लगाना उसके स्वाद को बढ़ा देता है. तड़का लगाने के लिए पैन में घी लें और उसे गर्म करें. इसके बाद उसमें हींग और जीरा डालकर तड़का लगाएं. दाल सर्व करने के लिए तैयार है. दाल को और टेस्टी बनाने क्या करें अरहर दाल में तड़का लगाते समय करी पत्ता डालें. हरी धनिया पत्ती और हरी मिर्च से दाल को गार्निश करके उसके स्वाद को और भी बढ़ा सकती हैं. प्याज, लहसुन और टमाटर से अरहर की दाल फ्राई करना उसे स्वादिष्ट बनाना होता है.